मक्की की रोटी भारतीय भोजन में महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। खासकर, सर्दियों में उत्तर भारत के लोग इसे पालक, सरसों या बथुआ से बने साग के साथ बड़े ही चाव से खाते है। "मक्की की रोटी और सरसों का साग" अपने पौष्टिक गुणों और स्वाद के लिए बेहद प्रसिद्ध है। किन्तु मक्की की रोटी बनाने में एक प्रकार की कुशलता की आवश्यकता होती है। मक्की में ग्लूटन नहीं होने के कारण इसकी रोटी बनाते समय इसमें दरारें पड़ जाती है और यह फूलती भी नहीं है अर्थात् गेहूँ की रोटी की तुलना में मक्की की रोटी बनाना मुश्किल कार्य लगता है। इसी कारण गृहिणी मक्की की रोटी बनाने में कठिनाई अनुभव करती है और इस समस्या के समाधान के लिए इसमें गेहूँ का आटा लगभग आधी मात्रा में मिला लेती है जिससे रोटी बनाना तो आसन हो जाता है किन्तु इसके मौलिक गुण "ग्लूटन-मुक्त" होने का ह्रास हो जाता है।

वर्तमान समय में लोगों की कार्यशैली जैसे-जैसे बदल रही है वैसे-वैसे ही ग्लूटन-मुक्त आहार की मांग भी बढ़ती जा रही है, ऐसे में यदि मक्का की रोटी को ग्लूटन-मुक्त रखते हुए इसके गुणों का सम्वर्धन इस प्रकार किया जाए कि रोटी को बनाना आसान हो जाए और साथ-साथ ही इसकी पोषकता भी

बढ़ जाये। इस प्रकार यह रोटी स्वाद और सेहत का एक अनूठा युग्म बन सके, इसी दिशा में इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान कार्य किया गया। मक्का, ग्लूटन-मुक्त होने के कारण इसमें विस्कोइलास्टिक गुणों की कमी होती है जिस कारण ही इसकी रोटी बनाना मुश्किल लगता है। अब, नवीनतम तकनीक और अनुसंधान ने इसे और भी गुणकारी बनाने का एक नया रास्ता दिखाया है-जेसे एक्सट्रूडेड रागी का उपयोग करके। इस आलेख में इसी कार्य का संक्षिप्त उल्लेख किया गया है कि कैसे एक्स्ट्रूडेड रागी के साथ मक्की की रोटी बनाए जा सके ताकि स्वाद से समझौता किए बिना इसकी पोषकता को बढ़ाते हुए उपरोक्त समस्या का निवारण किया जा सके।

एक्सट्रूडेड रागीः एक नया उपाय

रागी, जिसे मध्य प्रदेश, कर्नाटक, और तमिलनाडु तथा अन्य कई क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है, एक पौष्टिक अनाज है जिसमें विटामिन्स, खनिज तत्व और प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है। इसके साथ ही, यह ग्लूटन-फ्री होने के साथ-साथ अन्य धान्यों की तुलना में अधिक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। एक्सट्रूडेड तकनीक का उपयोग एक नया उपाय है जिसमें रागी को एक विशेष नमी, तापमान तथा दबाव पर प्रसंस्कृत किया जाता है, जिससे इसकी स्टार्च की संरचना में परिवर्तन हो जाता है और फलस्वरूप रागी की जल शोषण क्षमता बढ़ जाती है। अंततः इसके विस्कोइलास्टिक गुणों में सुधार होने के कारण मक्का के आटे में इसे एक सीमित मात्र में मिलाने पर यह एक प्राकृतिक हाइडोकोलॉइड के गुणों को प्रदर्शित करता है जिस कारण मक्का की रोटी बनाना सुगम हो जाता है।

चित्र 1: एक्सट्रूज़न मशीन

रागी का एक्सट्रूज़न प्रसंस्करण

रागी के दानों को ग्राइंडिंग मिल के द्वारा पिसाई करके, 21 प्रतिशत (डब्ल्यू.बी.) नमी की मात्रा, 130 डिग्री सेल्सियस बैरल तापमान और 375 आर.पी.एम. स्क्रू की गति पर सह-घूर्णन और इंटरमेशिंग ट्विन-स्क्रू एक्सट्रूज़न मशीन द्वारा प्रसंस्कृत किया जाता है। मशीन द्वारा निष्कासित किए गए गर्म एक्सट्रूडेट् को ट्रे ड्रायर में 60 डिग्री सेल्सियस तापमान पर 2 घंटे के लिए सुखाया जाता है और हैमर मिल का उपयोग करके पीसा जाता है। इस तरह प्राप्त आटे को आवश्यकता अनुसार मक्का के आटे के साथ मिलाकर रोटी तैयार की जाती है।

रोटी तैयार करने की प्रक्रिया

पहले, 30 ग्राम आटे (मक्का तथा एक्सट्रूडेड रागी का आटा) को अच्छे से मिलाएँ और इसमें सही मात्रा में पानी मिलाने के बाद, डो मिक्सर में यह मिश्रण 3 मिनट तक गूँधे। अब इसे ठंडे तापमान पर 30 मिनट तक रख दिया जाए। उसके बाद, इस गूँधे हुए आटे से 30 ग्राम के छोटे गोले बनाएँ और उन्हें रोटी बनाने के लिए बेले और रोटी को फूलने तक पकाएँ।

पोषण संवर्धन

एक्सट्रूडेड रागी मक्की की रोटी को और अधिक पोषक बनाती है। जब एक्सट्रूडेड रागी को एक निश्चित अनुपात में मक्के के आटे में मिश्रित किया जाता है, तो रोटी में रागी के गुण भी समाहित हो जाते हैं जैसे कैल्शियम और फाइबर की मात्रा का अधिक हो जाना। रागी में मौजूद फाइबर, विटामिन्स और खनिज तत्व रोटी को ग्लूटन-मुक्त रखते हुए एक सेहतमंद विकल्प बनाते हैं। निम्नलिखित तालिकाओं में रागी एवं मक्का में पाए जाने वाले प्रमुख पोषक तत्वों की मात्रा को दर्शाया गया है।

एक्सट्रूडेड रागी समावेशित मक्की की रोटी का मूल्यांकन

एक्सट्रूडेड रागी के साथ निर्मित मक्की की रोटी का तकनीकी,

तालिका 1: प्रयुक्त रागी में प्रमुख पोषक तत्वों की मात्रा

पोषक तत्व	मात्रा प्रति 100 ग्राम
प्रोटीन	7.6 ग्राम
कार्बोहाइड्रेट्स	72 ग्राम
फाइबर	3.6 ग्राम
विटामिन सी	2 मिलीग्राम
कैल्शियम	344 मिलीग्राम
आयरन	3.9 मिलीग्राम
मैग्नीशियम	114 मिलीग्राम
पोटैशियम	408 मिलीग्राम
निकोटिनिक एसिड (विटामिन बी3)	1.9 मिलीग्राम
थायमिन (विटामिन बी1)	0.33 मिलीग्राम
रिबोफ्लेविन (विटामिन बी2)	0.19 मिलीग्राम
पांतोथेनिक एसिड (विटामिन बी5)	1.3 मिलीग्राम
पाइरिडोक्सीन (विटामिन बी6)	0.29 मिलीग्राम
फोलेट (विटामिन बी9)	42 माइक्रोग्राम

तालिका 2: प्रयुक्त मक्का में प्रमुख पोषक तत्वों की मात्रा

पोषक तत्व	मात्रा प्रति 100 ग्राम
कार्बोहाइड्रेट्स	74 ग्राम
प्रोटीन	9 ग्राम
फाइबर	7.3 ग्राम
विटामिन सी	6.8 मिलीग्राम
थायमिन (विटामिन बी1)	0.38 मिलीग्राम
रिबोफ्लेविन (विटामिन बी2)	0.19 मिलीग्राम
नायसिन (विटामिन बी3)	1.7 मिलीग्राम
विटामिन बी5	0.42 मिलीग्राम
पायरिडॉक्सीन (विटामिन बी6)	0.62 मिलीग्राम
फोलेट (फोलिक एसिड)	19 माइक्रोग्राम
विटामिन ए	14 आईयू
विटामिन के	0.3 मिलीग्राम
पोटैशियम	287 मिलीग्राम
फॉस्फोरस	135 मिलीग्राम
मैग्नीशियम	37 मिलीग्राम
आयरन	0.5 मिलीग्राम
जिंक	0.5 मिलीग्राम
कैल्शियम	7 मिलीग्राम

पोषणात्मक, गठनात्मक और संवेदी मूल्यांकन किया गया है। व्यक्तिगत अनुभवों और परीक्षण से यह साबित हुआ है कि एक्सट्रूडेड रागी का मक्के के साथ मिश्रण रोटी के गुणों पर एक सकारात्मक प्रभाव डालता है। यह मिश्रण रोटी की बनावट में सुधार लाता है, लेकिन रंग में थोड़ी सी निम्नता आ सकती है। इसके अतिरिक्त, इस रोटी की फुलावट में भी सुधार पाया गई है, जो इसके मूल्यांकन को और भी बेहतर बनाता है। रोटी के पोषक तत्वों में भी वृद्धि पाई गई। इस प्रकार यह कह सकते हैं कि एक्सट्रूडेड रागी के साथ निर्मित मक्की की रोटी ग्लूटन-मुक्त एवं पोषक खाद्य पदार्थ का अच्छा विकल्प प्रदान करता है।

चित्र 2: केवल मक्का तथा 20 प्रतिशत एक्सट्रूडेड रागी से निर्मित रोटी

निष्कर्ष

आधुनिक जीवनशैली में ग्लूटन-मुक्त आहार की मांग बढ़ रही है। इसी क्रम में एक्सट्रूडेड रागी का उपयोग मक्की की रोटी में ग्लूटेन की कमी को पूरा करने के लिए किया जा सकता है। एक्सट्रूजन तकनीक से रागी को मानकीकृत नमी, तापमान और दबाव पर प्रसंस्कृत करके इसकी संरचना में परिवर्तन किया जाता है, जिससे रोटी को बनाना सुगम होता है। इस प्रकार, एक्सट्रूडेड रागी से निर्मित मक्की की रोटी पोषक और ग्लूटन-मुक्त विकल्प के रूप में प्रस्तुत होती है, जो स्वाद और सेहत का एक अनूठा युग्म प्रदान करती है। यह आलेख विस्तृत अध्ययन के परिणामों पर आधारित है। अधिक जानकारी के लिए यहाँ, (https://www.sciencedirect.com/science/article/pii/S187 8450X22001731) जांचा जा सकता है।

❑❑❑❑

जिस डर से आत्मविश्वास की हानि होने लगे,
उस डर का अंत करना आवश्यक हो जाता है।

–श्री कृष्ण

श्री अन्न का स्टार्चः संरचना, निष्कर्षण, विशेषताएँ, संशोधन और अनुप्रयोग

पूनम चौधरी, संचिता बिस्वास मुर्मू[1], पियाली बिस्वास[1], लक्ष्मी कांता नायक[1], ऐ अम्मयाप्पन लख्मानन[1] एवं हंखोथंग बैत[1]

भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना, पंजाब

[1]भाकृअनुप-राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कोलकाता, पश्चिम बंगाल

श्री अन्न कार्बोहाइड्रेट्स, आहार रेशा, प्रोटीन, विटामिन (विशेष रूप से बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन) और खनिज (आयरन, मैग्नीशियम और फास्फोरस सहित) जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध है। श्री अन्न के आटे में स्टार्च एक प्रमुख कार्बोहाइड्रेट होता है। स्टार्च की श्रेष्ठता, विशिष्ट कार्यात्मक क्षमता और पोषण संबंधी विशेषताए एमाइलोज़ और एमाइलोपेक्टिन की मात्रा और उनकी श्रृंखला की लंबाई पर निर्भर करती है। श्री अन्न स्वाभाविक रूप से ग्लूटन-मुक्त होता है जिसकी वजह से इनसे प्राप्त स्टार्च अन्य अनाजों के स्टार्च से बेहतर है। श्री अन्न का स्टार्च ग्लूटन संवेदनशीलता या सीलिएक रोग वाले व्यक्तियों के लिए उपयुक्त विकल्प प्रदान करता है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स अन्य अनाजों की तुलना में कम होता है। कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थ रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मददगार होते हैं, जिस कारण यह मधुमेह वाले व्यक्तियों या रक्त शर्करा का प्रबंधन करने वाले लोगों के लिए उपयुक्त बन जाते हैं। इन सभी विशेषताओं के कारण, श्री अन्न से स्टार्च के निष्कर्षण, उनकी विशेषताओं और श्री अन्न के स्टार्च के विभिन्न खाद्य और गैर खाद्य अनुप्रयोगों पर किए गए शोध इस लेख में प्रस्तुत किए गए हैं।

परिचय

श्री अन्न, एशिया और अफ्रीका, जहाँ विश्व के उत्पादन का 97 प्रतिशत हिस्सा उगाया जाता है, के अर्ध-शुष्क कटिबंधों में उगाई जाने वाली महत्वपूर्ण फसल हैं। ये फसल अपने उच्च पोषण मूल्यों के कारण लोकप्रिय हैं। श्री अन्न के आटे के प्रमुख घटक-स्टार्च, रेशा, प्रोटीन, विटामिन और खनिज हैं जो इसकी पोषण समृद्धि में योगदान करते हैं। श्री अन्न में अच्छी मात्रा में आहार रेशा पाया जाता है, जो पाचनतंत्र के लिए फायदेमंद होता है और आँत में लाभकारी बैक्टीरिया के विकास में वृद्धि करता है।

श्री अन्न के आटे के प्रमुख घटकों में से एक स्टार्च है जो एक जटिल कार्बोहाइड्रेट है। स्टार्च शरीर के लिए ऊर्जा के प्राथमिक स्रोत के रूप में कार्य करता है। यह दो प्रमुख आणविक घटकों से बना होता है- एमाइलोज़ और एमाइलोपेक्टिन। एमाइलोज़ और एमाइलोपेक्टिन की सरंचना में डी-ग्लूकोज की रैखिक श्रृंखलाएं, α-(1,4)-ग्लूकोसिडिक बंध (लिंकेज) द्वारा जुड़ी होती हैं जबकि एमाइलोपेक्टिन की सरंचना में ये रैखिक श्रृंखलाएं (1,6)-ग्लूकोसिडिक बंध (लिंकेज) द्वारा परस्पर जुड़ी होती हैं जिसके कारण पॉलिमर में शाखाएं उत्पन्न होती हैं। एमाइलो-पेक्टिन स्टार्च कणिकाओं का प्रमुख घटक है, जबकि एमाइलोज़ कुल स्टार्च का लगभग 15.30 प्रतिशत भाग होता है। रैखिक एमाइलोज श्रृंखलाएं एक जटिल (कॉम्पैक्ट) संरचना बनाती हैं जो एंजाइम की पहुंच और एमाइलोलिसिस (एमाइलोज़ के विघटन) की दर को सीमित करती हैं। दूसरी ओर, अपनी शाखित संरचना और कई टर्मिनल अंत के साथ एमाइलोपेक्टिन एमाइलोज की तुलना में कम व्यवस्थित होता है और इसलिए अधिक आसानी से पच जाता है। इस प्रकार, उच्च एमाइलोज/एमाइलोपेक्टिन अनुपात स्टार्च पाचन को प्रभावित करता है, जो प्रतिरोध स्टार्च की ओर जाता है और ग्लाइसेमिक प्रतिक्रिया को प्रभावित करता है। स्टार्च की गुणवत्ता एमाइलोज़ और एमाइलोपेक्टिन की मात्रा और श्रृंखला की लंबाई पर निर्भर करती है।

श्री अन्न में भी अन्य अनाजों की तरह 51 से 79 प्रतिशत तक

तालिका 1: विभिन्न श्री अन्न के स्टार्च में एमाइलोज और एमाइलोपेक्टिन की मात्रा (कैमल एट ऑल 2021)

क्र.सं.	श्री अन्न	स्टार्च (ग्रा/100ग्रा, सूखा वजन)	एमाइलोज (ग्रा/100ग्रा स्टार्च)	एमाइलोपेक्टिन (ग्रा/100ग्रा स्टार्च)
1	रागी	59–65	19–21	39–45
2	बाजरा	53–68	13–18	82–86
3	कंगनी	56–73	1–12	88–99
4	चीना	58–78	2–39	25–69
5	सवा	48–60	9–19	81–91
6	कुटकी	42–57	12–18	82–88
7	कोदो	48–60	15–18	82–84

स्टार्च होता है। बाजरा और रागी में स्टार्च की मात्रा क्रमशः 71 से 81 प्रतिशत और 51 से 69 प्रतिशत तक होती है। श्री अन्न के स्टार्च में आमतौर पर 70 से 80 प्रतिशत एमाइलोपेक्टिन और 20 से 30 प्रतिशत एमाइलोज होते हैं। तालिका 1 में विभिन्न श्री अन्न के स्टार्च, एमाइलोज और एमाइलोपेक्टिन की मात्रा को दिखाया गया है। कम एमाइलोज वाले स्टार्च का उपयोग ऐसे खाद्य जहाँ चिपचिपाहट की आवश्यकता होती है, जैसे सूप में गाढ़ा करने वाला एजेंट, में उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, एमाइलोज की उपस्थिति उन खाद्य उत्पादों में लाभदायक है जिन्हें प्रतिगामीकरण (रेट्रोग्रेडेशन) की आवश्यकता होती है।

श्री अन्न से स्टार्च का निष्कर्षण

आम तौर पर, स्टार्च के निष्कर्षण के लिए प्रयोग की जाने वाली विधि स्टार्च के संयंत्र स्रोत पर निर्भर करती है। श्री अन्न से स्टार्च आमतौर पर निम्नलिखित तीन गीली पिसाई प्रक्रियाओं में से एक का उपयोग करके निकाला जाता है:

- पानी में भिगोकर
- अम्ल में डुबोकर
- क्षारीय घोल में डुबोकर

इन प्रक्रियाओं में, स्टार्च को अलग करने के लिए साबुत अनाज या इसके आटे को लंबे समय तक घोल में भिगोया जाता है। स्टार्च निष्कर्षण की प्रक्रिया के तीन चरण इस प्रकार हैं-

- विखंडन
- कोशिका विघटन
- शुद्धिकरण के बाद संग्रहण

बेहतर निष्कर्षण के लिए, प्रोटीन कॉम्प्लेक्स में फंसे हुए स्टार्च ग्रैनयूल्स को मुक्त करने के लिए इन कॉम्प्लेक्सेज को विघटित करने की आवश्यकता होती है। चूंकि अनाजों में स्टार्च प्रोटीन मैट्रिक्स से कसकर बंधे होते हैं, इनमें से एक ऐसी विधि का चयन करना, जो प्रोटीन



चित्र 1: श्री अन्न से स्टार्च निष्कर्षण की प्रक्रिया

के कम संदूषण के साथ स्टार्च की अच्छी मात्रा में प्राप्ति को सुनिश्चित करे, अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रोटीन अंश को घोलने और अनाज से स्टार्च प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों और रासायनिक अभिकर्मकों का उपयोग किया जाता है। क्षारीय घोल में डुबोने वाली विधि को स्टार्च निष्कर्षण के लिए सबसे अच्छा तरीका माना जाता है क्योंकि यह संबद्ध प्रोटीनों के निरूपण की अनुमति देता है। किसी भी अनाज से स्टार्च निष्कर्षण के लिए समाधान का चयन उसकी रासायनिक संरचना और गुणों पर निर्भर करता है। क्षारीय विधि की तुलना में अम्लीय विधि से प्राप्त स्टार्च में उच्च प्रोटीन अवशेष रह जाते हैं। इस विधि में सर्वप्रथम अनाज (साबुत/आटा) को सोडियम हाइड्रॉक्साइड के घोल में डुबोने के बाद स्टार्च को हाइड्रो-क्लोरिक अम्ल जैसे तनु अम्लों के साथ उदासीन किया जाता है। इसके बाद इसे सुखाकर पीस लिया जाता है। स्टार्च निकालते समय, बैक्टीरिया के विकास और एमाइलेज गतिविधि को रोकने के लिए थोड़ी मात्रा में सोडियम एजाइड (0.01 प्रतिशत) भी घोल में मिलाया जाता है। श्री अन्न से स्टार्च निष्कर्षण के लिए चीना, रागी, कंगनी और बाजरा का उपयोग किया जाता है।

श्री अन्न के स्टार्च के गुण

स्टार्च की कार्यक्षमता

स्टार्च के भौतिक, रासायनिक और कार्यात्मक गुण उसकी संरचना पर निर्भर करते है। इन सभी विशिष्ट गुणों पर ही खाद्य और गैर-खाद्य उद्योगों में स्टार्च की प्रयोज्यता निर्धारित होती है। श्री अन्न के स्टार्च की कार्यक्षमता इसमें वसा, रेशे और प्रोटीन जैसी अन्य अशुद्धियों की उपस्थिति से प्रभावित होती है। उदाहरण के लिए, श्री अन्न के स्टार्च में ध्रुवीय फॉस्फोलिपिड होते हैं जो कुल वसा का 89 प्रतिशत भाग होते हैं और शेष भाग में गैर-ध्रुवीय वसा होती है जो मूल रूप से ट्राइग्लिसराइड्स होते हैं। ये लिपिड प्रकृति में एकजुट होकर जलविरोधी क्षेत्र बनाकर और जलविरोधी बंध होने के कारण स्टार्च के एमाइलोज अंश के साथ कॉम्प्लेक्स का निर्माण कर लेते हैं जिससे उनकी प्रवाह क्षमता और सूजन क्षमता कम हो जाती है। हालाँकि, प्रोटीन में जलविरोधी और जलरागी दोनों बंधन उपस्थित होते हैं जिसके कारण स्टार्च की पानी और तेल बंधन क्षमता प्रभावित होती है। इसी प्रकार रेशे भी स्टार्च की तेल ग्रहण क्षमता को कम करके स्टार्च की तेल बंधन क्षमता को कम कर देते हैं। स्टार्च की कार्यक्षमता में एमाइलोज़ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री अन्न की विभिन्न प्रजातियों में एमाइलोज़ की मात्रा विभिन्न होती है जो विभिन्न रूपों में मौजूद होती है। बाजरा और रागी में, एमाइलोज़ लंबी श्रृंखलाओं के रूप में उपस्थित होता है और लंबी ग्लूकेन श्रृंखलाएं शाखा बिंदुओं के बीच मौजूद होती हैं जबकि चीना और कंगनी में, एमाइलोज़ छोटी श्रृंखलाओं के रूप में मौजूद होता है।

आणविक संरचना

श्री अन्न स्टार्च के गुण एमाइलोज़ की मात्रा, श्रृंखला की लंबाई और पोलीमराइजेशन की डिग्री पर निर्भर करते हैं। स्टार्च की आणविक संरचना में श्रृंखला की लंबाई एक महत्वपूर्ण मापदण्ड है, जो क्रिस्टलीयता, जिलेटिनाइजेशन, प्रतिगामी और चिपचिपाइट जैसे गुणों को प्रभावित करती है। रागी के स्टार्च में औसत श्रृंखला की लंबाई 180-240 ग्लूकोसिल अवशेषों

(ग्लूकोस के अवशेष) की होती है, जबकि बाजरा में 260-270 ग्लूकोसिल अवशेषों की श्रृंखला होती है।

कणिकाओं की आकृति

श्री अन्न के स्टार्च के दाने का आकार प्रजातियों के आधार पर 2.5 से 24 माइक्रोमीटर तक भिन्न होता है और ये दाने मुख्य रूप से गोलाकार और बहुभुज आकार के होते हैं। दाने की सतह कभी-कभी छिटपुट इंडेंटेशन प्रदर्शित करती है, जो प्रोटीन निकायों और सतह छिद्रों के अस्तित्व के कारण हो सकती है। ये छिद्र पानी और अन्य हाईड्रोक्सिल-आयनों को प्रवेश करने की अनुमति देते हैं और एमाइलोज़ की प्रतिबंधात्मक प्रवर्ती को कम करते हैं। इस तरह ये स्टार्च के जलयोजन और सूजन गुणों को बढ़ाते हैं, जो खाद्य जैल बनाने और उत्पाद को गाढ़ा बनाने में उपयोगी होते हैं।

क्रिस्टलीकरण और एक्स-रे विवर्तन

श्री अन्न का स्टार्च अर्ध-क्रिस्टलीय होता है, जिसमें अनाकार (एमोरफौस) और क्रिस्टलीय दोनों क्षेत्र उपस्थित होते हैं। इसमें चार मुख्य चोटियाँ पाई जाती हैं जो कि मुख्यतः टाइप ए-प्रकार के क्रिस्टल पैटर्न को इंगित करती हैं। हालाँकि, स्टार्च में उपस्थित अशुद्धियाँ शिखर और निम्न तीव्रता को स्थानांतरित कर सकती हैं। क्रिस्टलीयता की डिग्री स्टार्च कणिकाओं के बीच अलग होती है और एमाइलोज़ की मात्रा में कमी करके कण आकार को प्रभावित किए बिना क्रिस्टलीयता को बढ़ाया जा सकता है। ए-प्रकार की स्टार्च कणिकाओं में एमाइलोज़ अधिक होने के कारण क्रिस्टलीयता का प्रतिशत कम होता है। पिसाई (मिलिंग) जैसी खाद्य प्रसंस्करण तकनीकें स्टार्च कणिकाओं की भौतिक संरचना को नुकसान पहुंचा सकती हैं और क्रिस्टलीय एमाइलोपेक्टिन को अनाकार एमाइलोपेक्टिन में परिवर्तित कर सकती हैं जिससे स्टार्च की समग्र खाद्य कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

उन्नतोदर (फुलाव), घुलनशीलता और जल अवशोषण क्षमता

सूजन की शक्ति और स्टार्च घुलनशीलता गैर-सहसंयोजक बंधन को प्रकट करती है और स्टार्च कणिकाओं के अनाकार और क्रिस्टलीय छेत्र के बीच परस्पर क्रिया के स्तर का मूल्यांकन करती है। गर्म करने के दौरान दानेदार स्टार्च सूजन की शक्ति के माध्यम से पानी में सूजन को दर्शाती है। जब स्टार्च को पानी के साथ अधिक गर्म किया जाता है, तो दाने पानी सोख लेते हैं और फूल जाते हैं और एमाइलोज़ बाहर निकल जाते हैं और घुलनशील हो जाते हैं। तापमान बढ़ने पर दाने बड़े हो जाते हैं और अंततः टूट जाते हैं। स्टार्च में उपस्थित छोटी श्रृंखला वाले एमाइलोपेक्टिन पानी के अणुओं के साथ आसानी से हाइड्रोजन बंध बना लेते है, लेकिन एमाइलोज और इसके वसीय समष्टि (कॉम्प्लेक्स) और लंबी श्रृंखला वाले एमाइलोपेक्टिन जटिल सीमाएं बना कर पानी के अणुओं के प्रवेश में बाधा डालते हैं। इस कारण दानों के बीच तुलनात्मक रूप से उच्च्य बंधन बल के कारण श्री अन्न स्टार्च के फुलाव के प्रति अधिक प्रतिरोधी होता है। ऊष्मा और पानी की उपस्थिति में, स्टार्च के दाने पानी को अवशोषित करके बड़े हो जाते हैं। श्री अन्न स्टार्च 50 से 90 डिग्री सेल्सियस तापमान पर सूजन शक्ति प्रदर्शित करता है। ऊष्मा उपचार के समय स्टार्च-आधारित आटे का जल अवशोषण सूचकांक भी सूजन क्षमता

से जुड़ा होता है। श्री अन्न के स्टार्च में, मजबूत बंधन शक्ति के कारण, आलू, राई और गेहूं स्टार्च की तुलना में सूजन की शक्ति कम होती है। वे कम तापमान पर भी कम घुलनशील होते हैं, जो उन्हें सूप और प्रतिगामी उत्पादों में गाढ़ा करने के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

जिलेटिनीकरण

श्री अन्न के स्टार्च में शाखा श्रृंखला की लंबाई में वृद्धि के कारण स्टार्च का जिलेटिनीकरण तापमान उच्च हो जाता है। हालाँकि, स्टार्च में एमाइलोपेक्टिन सांद्रता और उनमें मौजूद छोटी शाखा श्रृंखलाओं की संख्या में वृद्धि से जिलेटिनीकरण का समय कम हो जाता है। एमाइलोज़ और एमाइलोपेक्टिन इकाइयों की श्रृंखला की लंबाई अंततः विशेष खाद्य उत्पादों के निर्माण में एक घटक के रूप में उनकी कार्यक्षमता और संभावित अनुप्रयोग को निर्धारित करती है। उदाहरण के लिए, उच्च एमाइलोपेक्टिन वाले स्टार्च प्रतिगामीकरण में अच्छी स्थिरता दिखाते हैं इसलिए उनका उपयोग गाढ़ेपन और जमे हुए खाद्य उत्पादों में किया जा सकता है, जबकि गैर-मोमी स्टार्च का उपयोग दवाओं में किया जा सकता है। जिलेटिनीकृत स्टार्च ठंडा होने पर पहले की तुलना में अधिक संगठित संरचना विकसित करते हैं क्योंकि एमाइलोज़ और एमाइलोपेक्टिन के अणु एक दूसरे के साथ और पानी के साथ पुनः क्रिस्टलीकृत हो जाते हैं। प्रतिगामीकरण स्टार्च के गाढ़ा होने और कठोर जैल उत्पन्न करने की प्रवृत्ति को दर्शाता है। पानी की मात्रा, एमाइलोज़ सामग्री, एमाइलोपेक्टिन की आणविक संरचना, अन्य घटकों (जैसे प्रोटीन, रेशे, या वसा) की उपस्थिति और भंडारण की स्थिति (जैसे समय और तापमान) जैसे कारकों का प्रतिगमन पर प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, प्रतिगमन कणिका आकार से भी प्रभावित होता है। बड़े दाने सबसे अधिक स्थिर होते हैं, जबकि छोटे दाने प्रतिगमन होने में सबसे आसान होते हैं। एमाइलोज़ और एमाइलोपेक्टिन की सामग्री के साथ-साथ स्टार्च के प्रतिगामी विवरण का उपयोग विशिष्ट भोजन जैसे खाद्य जैल, पेस्ट और थिकनर के लिए स्टार्च के चयन के लिए किया जा सकता है।

चिपकाने वाला व्यवहार

खाद्य उद्योगों में गाढ़ेपन के रूप में स्टार्च के प्रमुख उपयोग के संबंध में स्टार्च के रियोलॉजिकल गुणों की विशेषता अत्यंत प्रासंगिक है। स्टार्च के दाने पानी में अघुलनशील होते हैं, लेकिन जब इन्हें जिलेटिनाइजेशन तापमान से ऊपर गरम किया जाता है, तो दानों की संरचनात्मक अखंडता कम हो जाती है, जिसके परिणाम-स्वरूप क्रिस्टलीय संरचना का विघटन, जल अवशोषण, सूजन और काफी चिपचिपाहट का विकास होता है। सूजन के दौरान, एमाइलोज़ दाने से निकलता है और एमाइलोपेक्टिन के साथ अत्यधिक हाइड्रेटेड हो जाता है। स्टार्च की रासायनिक संरचना, स्टार्च की सघनता, चिपकाने की स्थिति, एमाइलोज़ निकास दर, सूजन वाले स्टार्च कण, दानेदार विखंडन, कोलाइडली और आणविक रूप से बिखरे हुए स्टार्च अणु सभी स्टार्च के रियोलॉजिकल गुणों को प्रभावित करते हैं। स्टार्च के चिपकाने के गुण को ब्रेबेंडर विस्को एमाइलोग्राफ, बोहलिन रियोमीटर और रैपिड विस्को विश्लेषक का उपयोग करके मापा जा सकता है।

श्री अन्न के स्टार्च का संशोधन

प्राकृतिक स्टार्च के कण मुख्य रूप से निष्क्रिय और पानी में अघुलनशील होते हैं जिस कारण

इनका अनुप्रयोग खाद्य और गैर-खाद्य उद्योगों में सीमित हो जाता है। इसलिए स्टार्च का संशोधन बहुत आवश्यक है। संशोधित स्टार्च का उपयोग स्टार्च के कार्यात्मक गुणों में संशोधन करने के लिए किया जाता है, जिससे यह विशिष्ट खाद्य उत्पादों, जैसे बेकरी, सॉस और अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के लिए अधिक उपयुक्त हो जाता है तथा खाद्य उत्पादों में बेहतर बनावट और स्वाद में योगदान करता है। हालाँकि प्राकृतिक स्टार्च में कुछ अवांछनीय गुण होते हैं जिनके कारण प्राकृतिक स्टार्च का उच्च सांद्रता में बना पेस्ट फिल्म निर्माण के दौरान बहुत ज्यादा चिपचिपाहट प्रदर्शित करता है। इससे स्टार्च अणुओं और सक्रिय घटकों के बीच खराब अनुकूलता और अंतः क्रिया हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादित फिल्म में संरचनात्मक और यांत्रिक रूप से कमजोर गुण होने के साथ भार-वहन करने की क्षमता कम हो जाती है। इसलिए, पैकेजिंग अनुप्रयोगों हेतु स्टार्च के कार्यात्मक गुणों को बेहतर बनाने के लिए प्राकृतिक स्टार्च को संशोधित किया जाता है। प्राकृतिक स्टार्च के संशोधन हेतु दो विधियां रासायनिक या भौतिक विधि का उपयोग किया जाता है।

भौतिक संशोधन विधि

भौतिक संशोधन विधि में पिसाई, नमी, तापमान, दबाव, पीएच, विकिरण, पल्स-इलेक्ट्रिक क्षेत्र, अल्ट्रासोनिक तरंगों आदि जैसे कुछ भौतिक कारकों के प्रभाव में स्टार्च की आकृति विज्ञान और त्रि-आयामी संरचना में परिवर्तन शामिल होते हैं। भौतिक संशोधनों के परिणामस्वरूप कण आकार, सतह गुण, घुलनशीलता सूचकांक और कार्यात्मक गुण जैसे जल अवशोषण, सूजन क्षमता, चिपकाने और स्टार्च की जेलेशन क्षमता में बदलाव होते है। ये संशोधन विभिन्न पोषण, फार्मास्युटिकल और औद्योगिक फॉर्मूलेशन के लिए संशोधित स्टार्च की कार्यात्मक गुणवत्ता और चयनात्मकता और उपयुक्तता को सीधे प्रभावित करते हैं।

रासायनिक संशोधन विधि

रासायनिक संशोधन में अणु के आकार और आकार में किसी भी भौतिक परिवर्तन के बिना स्टार्च में नए रासायनिक या कार्यात्मक समूहों को शामिल करके स्टार्च के भौतिक-रासायनिक गुणों में परिवर्तन शामिल है। एमाइलोज़ और एमाइलोपेक्टिन में प्रत्येक ग्लूकोज इकाई में तीन प्रतिक्रियाशील हाइड्रोक्सिल समूह होते हैं जो स्टार्च में रासायनिक संशोधन के लिए प्रमुख स्थल हैं। रासायनिक संशोधन स्टार्च के भौतिक व्यवहार को बदल देता है जिसमें प्रतिगामीकरण, लवणीकरण और जिलेटिनाइजेशन शामिल है जो स्टार्च कणिकाओं के अंतर-आणविक और इंट्रामोल्युलर बंधन को स्थिर करके काम करता है। स्टार्च के रासायनिक संशोधन की आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली विधियों में विभिन्न ऑक्सीकरण एजेंटों द्वारा ऑक्सी-करण, स्टार्च के हाइडॉक्सिल समूहों पर कुछ हाइड्रॉक्सीएथाइल, हाइड्रो-क्सीप्रोपाइल या कार्बोक्सिमिथाइल समूहों को जोड़कर ईथरीकरण, सक्रिय हाइड्राक्सिल समूहों के साथ कुछ फैटी एसिड, अन्य कार्बोक्जिलिक एसिड और फॉस्फेट के संघनन द्वारा एस्टरीफिकेशन, स्टार्च का कुछ धनायनित अणुओं को शामिल करके धनायनीकरण, विभिन्न क्रॉस-लिंकरों को जोड़कर क्रॉस-लिंकिंग और सिंथेटिक पॉलिमर के साथ स्टार्च का ग्राफ्ट-पॉलीमराइजेशन शामिल है।



चित्र 2: स्टार्च संशोधन की विभिन्न विधियाँ (नवाज एट आल, 2020)

संशोधित श्री अन्न स्टार्च के गुण

श्री अन्न के स्टार्च में भौतिक संशोधन जैसे माइक्रोवेव हीटिंग और उच्च ताप नमी हीटिंग के कारण एमाइलोज़ की मात्रा में बदलाव होता है जिस कारण स्टार्च की सूजन क्षमता प्रभावित होती है। इसी प्रकार रागी स्टार्च में अल्ट्रा-सोनिकेशन और एनीलिंग प्रक्रिया का संयोजन करने से स्टार्च की अम्लीय और कर्तन (शियर) में स्थिरता के लिए बेहतर प्रतिरोध प्रदर्शित करती है सूजन शक्ति और घुलनशीलता में वृद्धि होती है। इस स्टार्च में रासायनिक संशोधन, स्टार्च की सूजन शक्ति और घुलनशीलता में वृद्धि के लिए जिम्मेदार होता है और चिपचिपेपन में वृद्धि और चबाने योग्यपन में तालमेल को कम करके स्टार्च के जेल को कम तापमान स्थिरता प्रदान करता है ।

श्री अन्न स्टार्च के अनुप्रयोग

श्री अन्न से प्राप्त स्टार्च के खाद्य और गैर-खाद्य उद्योगों में विभिन्न अनुप्रयोग है। इस स्टार्च के विशिष्ट गुण, जैसे इसके दाने का आकार, संरचना और कार्यात्मक विशेषताएं, इसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए उपयुक्त बनाती हैं।

खाद्य उद्योग में

प्राकृतिक और संशोधित श्री अन्न स्टार्च का उपयोग बाइंडर के रूप में, पके हुए खाद्य पदार्थों, मांस उत्पादों, स्नैक सीज़निंग में गाढ़ा करने वाले पदार्थ, आइसक्रीम में वसा प्रतिस्थापक के रूप में, फ्लेवर इनकैप्सुलेटिंग एजेंट, जूस, पेय पदार्थों में इमल्शन स्टेबलाइजर्स, जैल में जेलिंग एजेंट के रूप में, मार्शमैलोज़

में फोम स्टेबलाइज़र और तले हुए स्नैक उत्पादों में क्रिस्पिंग एजेंट के रूप में किया जाता है। शीतगृह में बनावट (टेक्सचर) और संवेदी गुणों में सुधार होने के साथ अधिक स्थिरता प्रदर्शन के कारण बाजरा के संशोधित स्टार्च का उपयोग सफ़ेद सॉस और कस्टर्ड बनाने में किया जा सकता है। संशोधित श्री अन्न स्टार्च की उच्च चिपचिपाहट और संरचनात्मक ताकत होने के कारण इसका उपयोग आइसक्रीम में वसा प्रतिस्थापक के रूप में करके आइसक्रीम में वसा की मात्रा कम कर सकते हैं।

फिल्म निर्माण में

पिछले कुछ समय से प्लास्टिक के बड़े पैमाने पर उपयोग से पर्यावरणीय दुष्प्रभाव हुए हैं और इसके उपयोग से जल, थल तथा वायुमंडल के सभी पारिस्थिक तंत्र में अत्यंत नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस पैकेजिंग सामग्री के निर्माण में बहुत सारी ऊर्जा का उपयोग होता है। इसके इन प्रभावों को देखते हुए पैकेजिंग में प्लास्टिक के स्थाई एवं पर्यावरण हितैषी विकल्पों पर पिछले कुछ वर्षों से काफी शोध कार्य किए जा रहे हैं। नई पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों के विकास के साथ, पादप स्रोत के स्टार्च से पैकेजिंग फिल्मों का उत्पादन एक अभिनव अवधारणा के रूप में उभरा है।

इन स्टार्च आधारित फिल्मों का सबसे बड़ा लाभ जैव विघटनशीलता (बायोडिग्रेडेबिलिटी) के कारण इनकी पर्यावरण अनुकूल प्रकृति है। यह उल्लेखनीय विशेषता परंपरागत खाद्य पैकेजिंग फिल्मों के विपरीत है जो प्रदूषण का कारण बनती है। ये पैकेजिंग फिल्में कृत्रिम प्लास्टिक के लिए एक उपयोगी विकल्प हो सकती हैं क्योंकि इनका उपयोग उत्पाद में नमी व सुगंध की हानि, विलेय परिवहन, खाद्य मैट्रिक्स में जल अवशोषण या ऑक्सीजन पारगम्यता इत्यादि से बचाता है। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त स्टार्च से तैयार की गई पैकेजिंग फिल्मों को गंधहीन, स्वादहीन, रंगहीन, गैर विषैले और कार्बन डाइऑक्साइड, नमी और ऑक्सीजन के लिए अर्ध-पारगम्य पाया गया है। इन पैकेजिंग फिल्मों का उपयोग खाद्य उत्पादों को खराब होने से बचाने के लिए किया जाता है और परिणाम-



(क) (ख)

चित्र 3. चीना का स्टार्च आधारित खाद्य फिल्में (बांगर, 2021)

चित्र 4. सांवा/बार्नयार्ड मिलेट स्टार्च से निर्मित खाद्य फिल्म (सौजन्या और हेमा, 2021)

स्वरूप उनको लंबे समय तक रखा जा सकता है। यह सभी लाभ फिल्म प्रसंस्करण में स्टार्च के उपयोग के लिए आवश्यक होते हैं। आमतौर पर, फिल्म निर्माण के लिए उपयोग में आने वाले स्टार्च के घोल में, कास्टिंग से पहले, प्लास्टिसाइज़र को मिलाया जाता है और फिल्म को कास्ट करने के बाद इसे सुखाया जाता है। अधिकांश खाद्य फिल्मों के गुणों में सुधार के लिए ग्लिसरॉल प्लास्टाईज़र का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

निष्कर्ष

श्री अन्न के स्टार्च का एक बहुमूल्य स्रोत है जिसकी ग्लूटन-मुक्त प्रकृति, उल्लेखनीय विशेषताओं में से एक है। यह इसे ग्लूटन-संवेदनशील व्यक्तियों के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाता है और ग्लूटन-मुक्त खाद्य उत्पादों के निर्माण में योगदान देता है। श्री अन्न के स्टार्च, अन्य स्टार्च की तरह, जिलेटिनाइजेशन, गाढ़ापन और बंधक जैसे कार्यात्मक गुण प्रदर्शित करता है। ये गुण इसे विभिन्न खाद्य और औद्योगिक अनुप्रयोगों में बहुमुखी बनाते हैं। श्री अन्न के स्टार्च का उपयोग खाद्य उद्योग में विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है, जिसमें ग्लूटन-मुक्त बेकरी, नूडल्स, पास्ता, सॉस, सूप, कस्टर्ड और कन्फेक्शनरी उत्पादों का उत्पादन शामिल है। इन उत्पादों की बनावट, संरचना और स्थिरता में श्री अन्न के स्टार्च का महत्वपूर्ण योगदान है। इस प्रकार से प्राप्त स्टार्च का प्रयोग फिल्म निर्माण में करने से प्लास्टिक पैकेजिंग द्वारा होने वाले प्रदूषण को ख़त्म करने के नए विकल्पों का विकास होगा। निष्कर्षतः श्री अन्न का स्टार्च एक मूल्यवान व्युत्पन्न है जिसका उपयोग अपनी अनूठी संरचना और गुणों के कारण खाद्य, कपड़ा, कागज और फिल्म निर्माण उद्योगों में किया जा रहा है।

कुट्टू का प्रसंस्करण और मूल्यवर्धित उत्पादों में इसका उपयोग

चंदन सोलंकी, मृदुला डी., अलेक्शा कुडोस, आर.के. गुप्ता एवं दीपिका गोस्वामी

भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना, पंजाब

कुट्टू (फागोपाइरम एस्कुलेंटम मोएन्च) दुनिया के विभिन्न हिस्सों में खेती और खपत के लंबे इतिहास के साथ एक बहुमुखी छद्म अनाज है। यह अपने पोषण संबंधी गुणों, अद्वितीय स्वाद और स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए जाना जाता है। कुट्टू प्रसंस्करण द्वारा इसका उपयोग खाद्य उद्योग में नवाचार के लिए एक आशाजनक अवसर प्रस्तुत करता है। अपनी उल्लेखनीय पोषण संरचना, विशिष्ट जैवसक्रिय यौगिकों और अनुकूलनीय प्रसंस्करण विधियों के साथ, कुट्टू विभिन्न प्रकार के कार्यात्मक और स्वादिष्ट खाद्य उत्पादों में योगदान करने की क्षमता रखता है। पारंपरिक और उभरते दोनों खाद्य अनुप्रयोगों के लिए एक बहुमुखी घटक के रूप में इस अनाज का महत्व रेखांकित है, जो स्वस्थ और अधिक टिकाऊ भोजन विकल्पों को बढ़ावा देता है। पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रसंस्करण विधियों द्वारा इस अनाज को वांछनीय खाद्य उत्पादों की श्रृंखला में बदलने के लिए नियोजित रणनीतियों का व्यापक अवलोकन आवश्यक है। इसके अलावा, कुट्टू के प्रसंस्करण से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों का पता कर इस क्षेत्र में और प्रगति का मार्ग किया जा सकता है। इस लेख का उद्देश्य कुट्टु का कटाई उपरान्त प्राथमिक प्रसंस्करण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालना है। इस अनाज के सेवन से जुड़े पोषण और स्वास्थ्य लाभ भी दी गए हैं, जिससे स्पष्ट होगा कि यह अनाज उपभोक्ताओं और खाद्य उद्योग दोनों के लिए काफी संभावनाएं रखता है।

परिचय

कुट्टू, वास्तव में एक अनाज नहीं है, बल्कि पॉलीगोनेसी परिवार से संबंधित एक बीज है। प्रोटीन, रेशा, विटामिन, खनिज और बायोएक्टिव यौगिकों के उच्च स्तर सहित इसकी असाधारण पोषण संरचना के कारण, इसने सबका ध्यान आकर्षित किया है। हाल के वर्षों में, मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों के विकास के लिए कुट्टू का उपयोग करने में रुचि बढ़ रही है जो स्वास्थ्यवर्धक और कार्यात्मक खाद्य पदार्थों के लिए उपभोक्ताओं की मांगों को पूरा करते हैं। मध्य एशिया में उत्पन्न, कुट्टू ने दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों में खुद को एक महत्वपूर्ण आहार संसाधन के रूप में स्थापित किया है। इसकी लोकप्रियता का श्रेय न केवल इसके विशिष्ट स्वाद को दिया जाता है, बल्कि विविध कृषि-जलवायु परिस्थितियों में फलने-फूलने की इसकी क्षमताओं को भी दिया जाता है।

हाल के वर्षों में, पोषक तत्वों से भरपूर आहार के महत्व के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ कार्यात्मक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने शोधकर्ताओं और खाद्य प्रौद्योगिकीविदों को कुट्टू की क्षमताओं का पता लगाने के लिए प्रेरित किया है। ग्लूटन-मुक्त बेकरी उत्पादों से लेकर, पोषक तत्वों से समृद्ध पेय पदार्थों तक, कुट्टू ने खाद्य अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला में एक प्रमुख घटक के रूप में अपनी अनुकूलन क्षमता का प्रदर्शन किया है। कुट्टू की प्रसंस्करण यात्रा में, खेती से लेकर नवीन उत्पादों के विकास तक, जटिल चरणों की एक श्रृंखला शामिल है जो अंतिम उत्पादों की विशेषता को प्रभावित करती है।

चित्र 1: कुट्टू का अनाज

कटाई उपरांत का प्रसंस्करण

कटाई उपरांत प्रसंस्करण कुट्टू की गुणवत्ता और संभावित अनुप्रयोगों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें कुट्टू से आटा और चोकर जैसे विभिन्न अंश प्राप्त करने के लिए दानों की सफाई, छिलका उतारने और पीसने से जुड़े चरण शामिल हैं। पारंपरिक और आधुनिक तरीकों सहित विभिन्न प्रसंस्करण विधियों की तुलना अंतिम उत्पाद की पोषण संरचना और कार्यक्षमता पर उनके प्रभाव के संदर्भ में की जाती है। यहाँ कटाई उपरांत की जाने वाली जटिल प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें सफाई, छिलका उतारना और मिलिंग तकनीकें शामिल हैं जो कच्चे अनाज के बीजों

को अनाज, आटा और चोकर जैसे बहुमुखी रूपों में बदल देती हैं। प्रसंस्करण श्रृंखला का प्रत्येक चरण, अंतिम उत्पाद की पोषण सामग्री, स्वाद प्रोफ़ाइल और कार्यात्मक गुणों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सफाई

कुट्टू के प्रसंस्करण में सफाई एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक कदम है, जो अशुद्धियों, बेकार सामग्रियों और अवांछनीय घटकों को अलग करने में मदद करता है। कुट्टू से वांछित गुणवत्ता वाला उत्पाद प्राप्त करने के लिए इसे पूरी तरह से साफ करना आवश्यक होता है। अशुद्धियों का उन्मूलन प्रसंस्कृत अनाज के स्वाद, बनावट और उपयोग योग्य (शेल्फ-जीवन) को बढ़ाने में योगदान देता है। आमतौर पर कुट्टू में पाई जाने वाली अशुद्धियों में अन्य बीज, खरपतवार के बीज, छिलके और अन्य अखाद्य घटक शामिल हैं। ये अशुद्धियाँ न केवल अंतिम उत्पाद की संवेदी विशेषताओं को ख़राब करती हैं, बल्कि संभावित रूप से एलर्जी या संदूषक भी हो सकती हैं जो अनाज से प्राप्त उत्पादों की खाद्य सुरक्षा और विपणन क्षमता को प्रभावित करती हैं। कुट्टू में इष्टतम शुद्धता प्राप्त करने के लिए कई प्रकार की सफाई विधियों का प्रयोग किया जाता है। पूरी तरह से साफ अनाज प्राप्त करने के लिए छानना और चुंबकीय पृथक्करण जैसी यांत्रिक प्रक्रियाओं को नियोजित किया जाता है। पूर्व-सफाई, जिसमें बड़े आकार की अशुद्धियों को हटाना शामिल है, अक्सर गुरुत्वाकर्षण पृथक्करण के बाद होता है, जो अनाज के दानों से हल्की अशुद्धियों को अलग करने के लिए कण घनत्व में अंतर का उपयोग करता है। एस्पिरेशन तकनीक हल्के कणों को हटाने के लिए हवा का उपयोग करती है, और छलनी ग्रेडिंग आकार के आधार पर कणों को अलग करने में सहायता करती है। चुंबकीय विभाजक, लौह अशुद्धियों को प्रभावी

चित्र 2: क्लीनर एवं ग्रेडर

ढंग से हटा सकते हैं, जबकि ऑप्टिकल सॉर्टिंग प्रौद्योगिकियां दोषों का पता लगाने और उन्हें हटाने के लिए रंग और आकार के अंतर का उपयोग करती हैं।

अकुशल सफाई से अंतिम उत्पाद में उच्च स्तर की अशुद्धियाँ हो सकती हैं, जिससे इसके पोषण मूल्य, स्वाद और समग्र उपभोक्ता स्वीकार्यता से समझौता हो सकता है। उचित सफाई न केवल अशुद्धियों और बेकार सामग्रियों का निष्कासन करके कुट्टू उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाकर अंतिम उपभोक्ता को खाद्य सुरक्षा की गारंटी देती है बल्कि बाद के प्रसंस्करण चरणों के दौरान होने वाले नुकसान को भी कम करती है। इससे बाजार मूल्य में वृद्धि भी होती है। उपयुक्त सफाई विधियों का चयन अनाज में मौजूद विशिष्ट अशुद्धियों और वांछित गुणवत्ता मानकों पर निर्भर करता है। चित्र 2 में दर्शाया गया क्लीनर एवं ग्रेडर 100 किग्रा/घंटा क्षमता व 99 प्रतिशत दक्षता का है तथा इसकी कीमत 50,000 रुपये में है। यह मशीन कुट्टू के अनाज से अशुद्धियाँ और धूल हटाने के लिए उपयुक्त है। इसमें कुट्टू के बीज को तीन आकारों में विभाजित करने के लिए एक संलग्न ग्रेडिंग इकाई है। इसके अतिरिक्त, हल्की अशुद्धियों को दूर करने के लिए एक एस्पिरेटर का उपयोग किया जाता है।

छिलका निकालना (डीहलिंग)

कुट्टू उत्पादों के उत्पादन में छिलका उतारना एक मौलिक प्रसंस्करण कदम है, जिसका उद्देश्य अनाज से बाहरी भूसी या छिलके को निकालना है। कुट्टू के बीजों की बाहरी भूसी या छिलके में, सेलूलोज और लिग्निन जैसे अपचनीय घटक और टैनिन जैसे पोषणरोधी तत्व होते हैं जो इसके विशिष्ट स्वाद में योगदान करते हैं। डीहलिंग, आंतरिक भाग तक पहुँचने के लिए इन छिलकों या बाहरी आवरण को हटाने की प्रक्रिया है। कुट्टू का छिलका उतारने के लिए विभिन्न तरीकों जैसे अपघर्षक डीहलिंग तथा इम्पैक्ट डीहलिंग का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें से प्रत्येक के अपने लाभ और सीमाएं हैं। अपघर्षक डीहलिंग में परत को हटाने के लिए घर्षण का उपयोग शामिल होता है, जिसके परिणामस्वरूप आंतरिक भाग (कर्नेल) को न्यूनतम क्षति होती है। दूसरी ओर, इम्पैक्ट डीहलिंग में परत को आंतरिक भाग से अलग करने के लिए यांत्रिक बल का उपयोग किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर अधिक उत्पादन होता है लेकिन संभावित रूप से अधिक गिरी टूटती है। ऊर्जा दक्षता, पानी के उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सूखी और गीली विधियों का उपयोग किया जा सकता है। पारंपरिक तरीकों में यांत्रिक घर्षण शामिल होता है, जबकि आधुनिक प्रौद्योगिकियाँ अपघर्षक रोलर्स, मिल या वायु वर्गीकरण प्रणालियों का उपयोग करती हैं। छिलका निकालने की विधि का चुनाव वांछित उत्पाद विशेषताओं, दक्षता और स्थिरता पर विचार करना चाहिए। प्रसंस्करण तकनीकों को अनुकूलित करने और छिलके वाले अनाज उत्पादों के लिए नवीन अनुप्रयोगों को विकसित करने के लिए अनाज के अंशों पर छिलके उतारने के प्रभावों को समझना आवश्यक है। छिलका उतारने से कड़वाहट कम हो जाती है और अनाज की पोषण संरचना बढ़ जाती है। कुट्टू की डीहलिंग कई उद्देश्यों को पूरा करता है, जिसमें स्वाद में वृद्धि, पोषण-विरोधी कारकों में कमी और प्रसंस्करण दक्षता में सुधार शामिल है। छिलके को हटाने से,

टैनिन और फाइटिक एसिड जैसे पोषण-विरोधी यौगिकों का स्तर कम हो जाता है, जो खनिज अवशोषण को रोक सकता है। अतः अनाज के पोषक तत्वों की जैव-उपलब्धता भी बढ़ जाती है, जिससे यह मानव उपभोग के लिए अधिक उपयुक्त हो जाता है।

भाकृअनुप-सीफेट ने इस उद्देश्य के लिए एक कुट्टू डिहलर विकसित किया है। भारत में इन अनाजों को छीलने की कोई प्रभावी तकनीक नहीं है। इसलिए, भाकृअनुप-सीफेट ने अनाज से छिलका निकालने के लिए 40 किग्रा/घंटा क्षमता की मशीन विकसित की है। इस मशीन से डिहलिंग 400±50 आरपीएम पर एक स्थिर और घूमने वाले पत्थर के बीच अनाज के बीज को प्रवाहित करके पूरी की जाती है। पत्थरों के बीच की दूरी 3±0.5 मिमी के साथ विभिन्न आकार की सामग्रियों को समायोजित करने के लिए समायोज्य है। मशीन की डिहलिंग इकाई में 40 मिमी X 380 मिमी क्षैतिज रूप से स्थापित स्थिर पत्थर और एक समान आकार का लचीला घूमने वाला निचला पत्थर शामिल है। दोनों पत्थर मध्यम ग्रिट से बने हैं, जिनका ग्रिट आकार 100-150 है। एक 2 एचपी 3-फेज इलेक्ट्रिक मोटर नीचे के पत्थर को चलाती है। शीर्ष पत्थर को चार कैप स्क्रू द्वारा सुरक्षित किया गया है, जो आसान समानांतर समायोजन की अनुमति देता है। ड्राइविंग शाफ्ट के लंबवत एक गोल प्लेट (निचला पत्थर) शीर्ष से जुड़ा होता है। इन दोनों पत्थरों के बीच की जगह को समायोजित करके कुट्टू निकाला जाता है। बदलने के लिए शाफ्ट के तल पर एक थ्रेडेड क्रैंक का उपयोग किया जाता है। छिलके उतारे जाने वाले बीज को शीर्ष पत्थर के केंद्र के माध्यम से लगभग 5-7 किलोग्राम क्षमता वाले हॉपर से डाला जाता है। नीचे का पत्थर अवतल होता है, इसलिए डिहलिंग केवल बाहरी 12 सेमी परिधि में ही होता है। मशीन की एक बार में छिलका निकालने की दक्षता 67 प्रतिशत है और बहुत कम नमी की मात्रा (< 8 प्रतिशत wb) पर अनाज का टूटना 6 प्रतिशत से कम है। मशीन का आयाम 1.50 मीटर (लम्बाई) X 1.20 मीटर (चौड़ाई) 1.50 मीटर (ऊँचाई) है।

चित्र 3: कुट्टू का डिहलर

चित्र 4: छिलका उतरा हुआ अनाज

इस मशीन का लाइसेंस पहले ही लुधियाना स्थित मशीन निर्माता मैसर्स एम.एस. रोल प्रोडक्ट्स, जवद्दी रोड, लुधियाना को दिया जा चुका है।

छिलका उतारने की प्रक्रिया, परिणामी अनाज उत्पादों के पोषण और कार्यात्मक गुणों को प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा, छिलका उतारने से अनाज गिरी की प्रोटीन सामग्री, स्टार्च विशेषताएँ और एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि पर असर पड़ सकता है। इन परिवर्तनों का कुट्टू से प्राप्त खाद्य पदार्थों की बनावट, स्वाद और समग्र गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ सकता है। छिलके उतारने की प्रक्रिया से निकले अनाज के छिलके वाले अंशों का खाद्य उद्योग में विविध अनुप्रयोग होता है। उन्हें पकाया जा सकता है और विभिन्न व्यंजनों के आधार के रूप में उपयोग किया जा सकता है, बेकरी उत्पादों में शामिल किया जा सकता है। यहाँ तक कि नूडल्स और पास्ता में भी संसाधित किया जा सकता है। कुट्टू के छिलके, छिलका उतारने के उपोत्पाद, पशु आहार में, आहार (रेशा) के स्रोत के रूप में या पैकेजिंग सामग्री में उनके अवशोषक गुणों के लिए प्रयोग किये जा सकते हैं।

पिसाई

मिलिंग, कुट्टू के प्रसंस्करण में एक महत्वपूर्ण चरण है जो कच्चे माल को विभिन्न मूल्य वर्धित उत्पादों में बदल देता है। इसमें छिले हुए कुट्टू के दानों को आटे सहित अलग-अलग अंश प्राप्त करने के लिए विभिन्न कण आकारों में बदलना शामिल है। यह छिलके उतारने और अनाज से प्राप्त उत्पादों की एक श्रृंखला के निर्माण के बीच, एक महत्वपूर्ण पुल के रूप में कार्य करता है। मिलिंग का मुख्य उद्देश्य अनाज के दानों को वांछित कण आकार में कम करना, बनावट, स्वाद और पोषण संबंधी गुणों को प्रभावित करना है। मिलिंग तकनीक का चुनाव अंतिम उत्पाद की वांछित विशेषताएँ, प्रसंस्करण दक्षता और स्थिरता पर आधारित होना चाहिए। वांछित अंतिम उत्पाद के आधार पर विभिन्न मिलिंग तकनीकों को नियोजित किया जा सकता है, जैसे स्टोन मिलिंग, रोलर मिलिंग, या इम्पैक्ट मिलिंग। प्रत्येक तकनीक, कण आकार वितरण, उपज और ऊर्जा खपत जैसे कारकों के आधार पर अंतिम उत्पाद विशेषताओं को प्रभावित करती हैं। परिणामी अंश, जो मोटे से लेकर बारीक तक

होते हैं, विशिष्ट विशेषताओं को प्रदर्शित करते हैं जो विशिष्ट खाद्य और औद्योगिक अनुप्रयोगों को पूरा करते हैं।

शुष्क (ड्राई) मिलिंग और गीली (वेट) मिलिंग दो प्राथमिक विधियाँ हैं, जिनका उपयोग कुट्टू प्रसंस्करण के लिए किया जाता है। ड्राई मिलिंग में यांत्रिक बलों का उपयोग करके अनाज के दानों को कणों में पीसना शामिल है। इस विधि को इसकी सादगी और दक्षता के लिए पसंद किया जाता है, जो अलग-अलग अनुप्रयोगों के साथ आटा और ग्रिट जैसे विभिन्न अंशों का उत्पादन करती है। दूसरी ओर, गीली मिलिंग, कण आकार में कमी के लिए पानी का उपयोग करती है, जिससे अक्सर उत्पादन में सुधार होता है और ऊष्मा उत्पादन कम होता है। यह कुट्टू से स्टार्च और अन्य कार्यात्मक सामग्री के उत्पादन के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। मिलिंग प्रक्रिया, पिसे हुए अनाज के अंशों के गुण को गहराई से प्रभावित करती है। पिसे हुए उत्पादों का कण आकार वितरण उनकी कार्यक्षमता जलयोजन गुण, बनावट और संवेदी विशेषताओं को प्रभावित करता है। बारीक पीसने से, कणों का सतह क्षेत्र और घुलनशीलता बढ़ती है, जिससे पाचन के दौरान पोषक तत्वों के निकलने की दर पर संभावित प्रभाव पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, मिलिंग स्टार्च की संरचना को बदल सकती है, जिससे इसके जिलेटिनाइजेशन गुण और खाद्य फॉर्मूलेशन में अनुप्रयोग प्रभावित होते हैं। कुट्टू का आटा, मिलिंग का एक सामान्य उत्पाद है, जिसका उपयोग पके हुए खाद्य उत्पाद, पास्ता इत्यादि उत्पादन में किया जाता है, जो अक्सर अद्वितीय स्वाद और पोषण संबंधी लाभ प्रदान करता है। मोटे अंश स्नैक्स और बनावट वाले खाद्य उत्पादों के लिए उपयुक्त हैं। गीली मिलिंग के माध्यम से निकाले गए कुट्टू के स्टार्च को विभिन्न खाद्य उत्पादों में गाढ़ा करने और स्थिर करने वाले एजेंट के रूप में नियोजित किया जा सकता है। नवोन्मेषी उत्पाद विकास ने विशिष्ट आहार प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं को पूरा करने वाले नवीन कुट्टू-आधारित खाद्य पदार्थों के निर्माण को भी प्रेरित किया है। कुट्टू के आटे को शामिल करने वाले ग्लूटन-मुक्त उत्पादों ने लोकप्रियता हासिल की है, जो ग्लूटन संवेदनशीलता वाले व्यक्तियों की खाद्य पूर्ति करते हैं। इसके अलावा, एक्सट्रूडेड स्नैक्स, मीट एनालॉग्स और पेय पदार्थों में, अनाज के अंशों का उपयोग कार्यात्मक और स्वास्थ्य-केंद्रित खाद्य पदार्थों के लिए एक बहुमुखी घटक के रूप में इसकी क्षमता को दर्शाता है। कुट्टू प्रसंस्करण

चित्र 5: एट्रिशन मिल तथा पल्वराईज़र

विधियों को अनुकूलित करने और खाद्य बाजार में नवीन अनाज-आधारित उत्पादों की श्रृंखला का विस्तार करने के लिए मिलिंग प्रभावों की गहन समझ महत्वपूर्ण है।

अंशीकरण

कुट्टू प्रसंस्करण में अंशीकरण (फ्रैक्शनेशन) एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें कुट्टू के पिसे हुए अंशों को उनके भौतिक और रासायनिक गुणों के आधार पर विभिन्न घटकों में अलग करना शामिल है। अद्वितीय गुण वाले विशिष्ट घटकों को अलग करने के लिए पिसे हुए कुट्टू के अंशों को और अलग किया जा सकता है। अंशीकरण विधि के चुनाव में लक्ष्य घटकों के गुणों और वांछित अनुप्रयोगों पर विचार किया जाना चाहिए। वायु वर्गीकरण या छानने जैसी अंशीकरण तकनीकों का उपयोग, विभिन्न कण आकारों या पोषक तत्वों या कार्यात्मक यौगिकों से भरपूर विशिष्ट अंशों को अलग करने के लिए किया जा सकता है। यह प्रक्रिया स्टार्च, प्रोटीन, फाइबर और लिपिड जैसे प्रमुख घटकों को अलग कर देती है, जिससे विभिन्न खाद्य और गैर-खाद्य अनुप्रयोगों में लक्षित उपयोग सक्षम हो जाता है। अंशांकन के लिए यह अनुकूलित दृष्टिकोण, अनाज-व्युत्पन्न उत्पादों की बहुमुखी प्रतिभा और मूल्य को बढ़ाता है।

उपयोगी विशिष्ट घटकों के आधार पर, अंशीकरण के लिए विभिन्न तरीकों को नियोजित किया जाता है। शुष्क अंशीकरण तकनीक घटकों को अलग करने के लिए, कण आकार और घनत्व में अंतर का उपयोग करती है तथा अक्सर छानने और वायु वर्गीकरण जैसे तरीकों को नियोजित करती है। दूसरी ओर, गीला अंशीकरण, अलग-अलग घटकों की घुलनशीलता के अंतर का लाभ उठाता है, जिसमें सेंट्रीफ्यूजेशन और अवसादन जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। प्रोटीन और स्टार्च जैसे विशिष्ट घटकों को अलग करने के लिए एंजाइमैटिक और रासायनिक तरीकों का भी उपयोग किया जाता है। अंशीकरण तकनीक का प्राप्त अंशों के भौतिक, रासायनिक और कार्यात्मक गुणों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। स्टार्च, प्रोटीन और फाइबर जैसे पृथक घटक, कुट्टू के आंतरिक भाग (कर्नेल) में उनकी मूल स्थिति की तुलना में परिवर्तित विशेषताओं को प्रदर्शित करते हैं। अंशीकरण से घुलनशीलता, जिलेटिनाइजेशन व्यवहार, रियोलॉजिकल गुण और पोषण संबंधी संरचना में बदलाव हो सकता है, जो सभी अंशों के संभावित अनुप्रयोगों को प्रभावित करते हैं। अंशांकित अनाज घटकों के विविध अनुप्रयोग हैं। पृथक प्रोटीन का उपयोग उनकी अद्वितीय अमीनो एसिड संरचना और जैवसक्रिय (बायोएक्टिव) गुणों के कारण पौधे-आधारित मांस एनालॉग, कार्यात्मक खाद्य पदार्थ और पोषण संबंधी पूरक विकसित करने के लिए किया जा सकता है। अलग किए गए स्टार्च अंशों का उपयोग भोजन के निर्माण में जैसे कि गाढ़ा करने वाले एजेंट, जेलिंग एजेंट और नियंत्रित-प्रवाह अवस्था के रूप में किया जाता है। पृथक रेशा (फाइबर) अंश, खाद्य उत्पादों की रेशा सामग्री और पोषण प्रोफ़ाइल को बढ़ा सकते हैं, जो उपभोक्ताओं की स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों की मांग को पूरा करते हैं। अंशीकरण का उपयोग खाद्य अनुप्रयोगों से आगे तक फैला हुआ है। अंशीकरण के दौरान प्राप्त उप-उत्पाद, जैसे कि छिलके और चोकर, का उपयोग पशु आहार, जैव ईंधन उत्पादन और जैवसक्रिय

यौगिकों के स्रोत के रूप में किया जा सकता है। जैव प्लास्टिक (बायोप्लास्टिक्स) और जैवपदार्थ (बायोमटेरियल्स) जैसे गैर-खाद्य अनुप्रयोगों में अनाज के अंशों का उपयोग, विभिन्न उद्योगों में अंशांकित घटकों की बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। कुट्टू प्रसंस्करण तकनीकों को अनुकूलित करने और खाद्य तथा गैर-खाद्य उद्योगों में, इसके विविध घटकों की क्षमता को अधिकतम करने के लिए अंशांकन प्रभावों की व्यापक समझ महत्वपूर्ण है।

चुनौतियाँ और नवाचार

अनेक लाभों के बावजूद, कुट्टू प्रसंस्करण चुनौतियाँ प्रस्तुत करता है। इसके प्रसंस्करण में प्राथमिक चुनौतियों में से एक खाद्य गिरी को घेरने वाले सख्त छिलके को हटाना है। छिलका उतारने की विधियाँ, प्रभावी होते हुए भी, कभी-कभी गिरी टूटने का कारण बन सकती हैं, जिससे कुल उपज कम हो सकती है। भाकृअनुप-सीफेट ने एक नवोन्वेषी प्रसंस्करण मशीन विकसित की है जो इन चुनौतियों का समाधान करती है और विविध खाद्य अनुप्रयोगों में कुट्टू की क्षमता को अधिकतम करती है। मूल्यवर्धित उत्पाद विकास के लिए कई अवसर प्रदान करते हुए, कुट्टू प्रसंस्करण के साथ-साथ कई चुनौतियाँ भी आती हैं जिनके लिए नवीन समाधानों की आवश्यकता होती है। हालाँकि, इस पर आधारित उत्पादों के प्रति सीमित जागरूकता और उपभोक्ता स्वीकृति बाजार के विस्तार के लिए चुनौतियाँ पैदा करती है।

निष्कर्ष

अपने उल्लेखनीय पोषण संबंधी गुणों और बहुमुखी प्रतिभा के साथ, कुट्टू मूल्यवर्धित उत्पादों के विकास में महत्वपूर्ण क्षमता रखता है। कुट्टू प्रसंस्करण का व्यापक प्रसार और मूल्यवर्धित उत्पादों में इसका उपयोग आधुनिक खाद्य उद्योग में इस बहुमुखी फसल की उल्लेखनीय क्षमता को रेखांकित करता है। आवश्यक अमीनो एसिड, आहारी रेशा, विटामिन और खनिजों के साथ प्रोटीन की विशेषता वाले अनाज की पोषण संबंधी प्रोफ़ाइल, इसे स्वास्थ्यवर्धक मूल्य-वर्धित उत्पाद बनाने के लिए एक आशाजनक घटक के रूप में रखती है। रुटिन और क्वेरसेटिन जैसे बायोएक्टिव यौगिकों की उपस्थिति, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के संदर्भ में संभावित लाभ प्रदान करके इसके आकर्षण को बढ़ाती है। यह असाधारण पोषण आधार, ऐसे उत्पाद बनाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है जो विभिन्न प्रकार की आहार संबंधी प्राथमिकताओं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं को पूरा करते हैं।

अनाज का प्रसंस्करण, जिसमें सफाई, छिलका उतारना, मिलिंग और अंशीकरण जैसे चरण शामिल हैं, अंतिम उत्पादों की विशेषताओं को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रत्येक प्रसंस्करण चरण चुनौतियाँ और अवसर प्रस्तुत करता है तथा ऐसे नवाचारों को प्रेरित करता है जो दक्षता को अनुकूलित करते हैं, पोषण बनाए रखने में सहायता करते हैं और कार्यात्मक गुणों को संरक्षित करते हैं। ये नवाचार, प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों और फॉर्मूलेशन तकनीकों में प्रगति के साथ मिलकर, ऐसे उत्पादों के निर्माण को सक्षम बनाते हैं जो न केवल स्वाद, बनावट और पोषण मूल्य के मामले में उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं बल्कि उनसे भी बेहतर होते हैं। कुट्टू के अनाज से प्राप्त मूल्यवर्धित उत्पाद, ग्लूटन-मुक्त

बेकरी उत्पाद से लेकर पादप-आधारित प्रोटीन विकल्प और कार्यात्मक खाद्य पदार्थ तक, संभावनाओं की व्यापकता को प्रदर्शित करते हैं जो इसकी अनूठी विशेषताओं को समझने और उनका उपयोग करने से उत्पन्न होती है। वर्तमान में इसके आंतरिक गुणों के अनुरूप, पोषण संबंधी लाभ, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक विकल्पों और पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में उपभोक्ता जागरूकता बढ़ रही है। इस लेख में चर्चा किए गए नवाचार, प्रसंस्करण, फॉर्मूलेशन, स्थिरता और बाजार विविधीकरण में चुनौतियों का समाधान करते हुए, वैश्विक खाद्य परिदृश्य में कुट्टू की प्रमुखता को आगे बढ़ाने के लिए आशाजनक मार्ग के रूप में काम करते हैं। 'खेत से चम्मच' तक की यह यात्रा निरंतर अन्वेषण, नवाचार और कुट्टू की असाधारण क्षमता के माध्यम से अधिक पौष्टिक, स्वादिष्ट और टिकाऊ भविष्य को आकार देने की साझा प्रतिबद्धता को चिह्नित करता है।

❐❐❐❐

गलती करना उतना गलत नहीं,
जितना उसे दोहराना है।

– *मुंशी प्रेमचंद*

पूरक आहार में श्री अन्न का उपयोग

ख्वाइरक्पम बेमबेम एवं मुस्कान गुप्ता

भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना, पंजाब

पूरक आहार चरण शिशु के जीवन में अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है, जो प्रमुख आहार परिवर्तनों को दर्शाता है तथा समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। पूरक आहार में श्री अन्न (कदन्न) के उपयोग ने हाल के वर्षों में विकासशील देशों में कुपोषण के मुद्दे को संबोधित करने के लिए ध्यान आकर्षित किया है, जहां श्री अन्न को सूखा-सहिष्णु गुणों के कारण बहुतायत में उगाया जा सकता है। श्री अन्न को मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और आयरन, जिंक, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, फोलिक एसिड और राइबोफ्लेविन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों का एक समृद्ध स्रोत माना जाता है। प्रस्तुत लेख में पूरक आहार में श्री अन्न के उपयोग के महत्व और चुनौतियों पर चर्चा की गई है, जिसमें पोषणविरोधी तत्व और भारी धातुओं की उपस्थिति शामिल है जो स्टार्च और प्रोटीन की सुपाचकता और जैव-उपलब्धता में बाधा बन सकती है। श्री अन्न की पोषण गुणवत्ता और पूरक आहार में उपयोग के लिए इसकी उपयुक्ता बढ़ाने के लिए कई प्रसंस्करण तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। कुपोषण से निपटने और बाल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए यह एक आशाजनक और टिकाऊ रणनीति हो सकती है।

परिचय

पूरक आहार से तात्पर्य है शिशु को माँ के दूध या फार्मूला दूध के साथ-साथ ठोस या अर्ध-ठोस आहार देना। जब माँ के दूध से मिलने वाली ऊर्जा और पोषक तत्व शिशु के विकास के लिए पर्याप्त नहीं रह जाता, तब इन्हें उनके आहार में शामिल किया जाता है। शिशु की उम्र बढ़ने के साथ उसकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं और माँ के दूध से प्राप्त होने वाली पोषक तत्वों की मात्रा के बीच का अंतर बढ़ता जाता है। यह एक शिशु के जीवन का महत्वपूर्ण चरण होता है क्योंकि यह स्तनपान से लेकर ठोस आहार की शुरूआत तक के परिवर्तनकाल को दर्शाता है। यदि दूध छुड़ाने के चरण के दौरान पूरक आहार देने की शुरुआत नहीं की जाए या इसे अनुचित तरीके से दिया जाए, तो यह शिशु के उचित विकास में बाधा उत्पन्न कर सकता है। यह शिशु के लिए परिवर्तनकाल की अवधि होती है जिसके दौरान उसके आहार में घनापन और स्रोत के संदर्भ में बड़ा परिवर्तन होता है। तरल दूध आधारित आहार से, बच्चे को धीरे-धीरे अर्ध-ठोस भोजन से परिचित कराया जाता है। इसे पोषण संबंधी असुरक्षा का समय माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) की सलाह है कि जीवन के पहले छह महीनों के लिए बच्चे को सिर्फ माँ का दूध ही दिया जाना चाहिए, इसके बाद छह महीने की उम्र से दो साल या उससे अधिक उम्र तक पूरक खाद्य पदार्थों की शुरूआत के साथ स्तनपान जारी रखना चाहिए। इस संगठन के अनुसार, पूरक आहार सुरक्षित होना चाहिए और उचित समय पर और पर्याप्त रूप से खिलाया जाना चाहिए। ऐसा अर्ध-ठोस या पूरक भोजन आदर्श रूप से आसानी से पचने योग्य, उच्च ऊर्जा घनत्व और कम आयतन वाला होना चाहिए। ऊर्जा के लिए 6-8, 9-11 और 12-23 महीनों में क्रमशः 200, 300 और 550 किलो कैलोरी प्रतिदिन की आवश्यकता को पूरक खाद्य पदार्थों द्वारा पूरा किया जाना चाहिए। ऊर्जा देने के अलावा, पूरक खाद्य पदार्थों में आयरन, फॉस्फोरस, कैल्शियम और अन्य विटामिन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व की मात्रा अन्य पदार्थ के मुकाबले अधिक अनुपात में उपलब्ध होते हैं और आसानी से पचने योग्य, उच्च ऊर्जा घनत्व और कम आयतन वाले होते हैं। खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम (2011)

चित्र 1: शिशुओं हेतु पूरक आहार

के अनुसार, दूध व अनाज आधारित पूरक खाद्य पदार्थों में विटामिन और खनिजों के साथ कम से कम 15 प्रतिशत प्रोटीन, 7.5 प्रतिशत वसा, 55 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स और अधिकतम 1 प्रतिशत अपरिष्कृत फाइबर, 5 प्रतिशत राख और 5 प्रतिशत नमी की मात्रा होनी चाहिए।

इष्टतम पूरक आहार प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद भारत सहित कई विकासशील देशों में कुपोषण एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी हुई है। पोषण की दृष्टि से निम्नतर आहार और अनुचित आहार पद्धतियाँ बच्चों में कुपोषण के प्रमुख योगदान देने वाले कारक हैं। व्यवसायिक रूप से उपलब्ध पूरक खाद्य पदार्थ आर्थिक रूप से वंचित परिवारों के लिए बहुत महंगे हैं। परंपरागत रूप से, दूध पिलाने वाली माताएं अक्सर घर में बने खाद्य पदार्थ पर निर्भर रहती हैं जिनमें पोषक तत्व सीमित होते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ और पौष्टिक भोजन का उत्पादन करने के लिए उनकी सरल प्रसंस्करण तकनीकों के बारे में ज्ञान की कमी प्रमुख सीमाओं में से एक है।

कदन्न, जिसे श्री अन्न भी कहा जाता है, छोटे बीज वाले अनाज की फसलों का एक समूह है जिसका उपयोग सदियों से दुनिया के कई हिस्सों, खासकर एशिया और अफ्रीका में मुख्य भोजन के रूप में किया जाता रहा है। ये अत्यधिक पौष्टिक होते हैं और आवश्यक विटामिन, खनिज और आहार फाइबर से भरपूर होते हैं, जो इन्हें पूरक खाद्य पदार्थों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाते हैं। श्री अन्न सूखा-प्रतिरोधी होते हैं और सीमांत मिट्टी में उग सकते हैं, जिससे यह छोटे किसानों के लिए एक टिकाऊ और लागत प्रभावी फसल बन जाते हैं। जब शिशुओं के लिए श्री अन्न को पूरक आहार के रूप में पेश करने की बात आती है, तो कोई भी नया भोजन शुरू करने से पहले आयु-उपयुक्त आहार प्रथाओं का पालन करना महत्वपूर्ण है।

श्री अन्न की पोषक संरचना

श्री अन्न अत्यधिक पौष्टिक होते हैं और इनमें कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन और वसा का अच्छा संतुलन पाया जाता है। ये खनिज, न्यूट्रास्यूटिकल्स और उच्च आहार फाइबर का समृद्ध स्रोत हैं। इनमें पादप रसायन और सूक्ष्म पोषक तत्व भी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। श्री अन्न विटामिन बी, फोलिक एसिड, फॉस्फोरस, आयरन और पोटेशियम की उच्च मात्रा के लिए मूल्यवान हैं। ये कैल्शियम और जिंक जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से भी समृद्ध हैं। श्री अन्न आहार फाइबर का एक अच्छा स्रोत है, जो पाचन स्वास्थ्य को बनाए रखने और मोटापा, डाइबिटीज़ और हृदय रोगों जैसी बहुकालीन बीमारियों को रोकने के लिए आवश्यक है। श्री अन्न ग्लूटेन-मुक्त भी है, जो उन्हें सीलिएक रोग या ग्लूटेन असहिष्णुता वाले व्यक्तियों के लिए उपयुक्त बनाता है। रागी (*एलुसीन कोराकाना*), जिसे फिंगर मिलेट के नाम से भी जाना जाता है, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन, आहार फाइबर और खनिजों का उल्लेखनीय स्रोत है। श्री अन्न में, बाजरा (*पेन्नीसटेम ग्लौकम*) में मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और आयरन, जिंक, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, फोलिक

तालिका 1: श्री अन्न और अन्य अनाजों की पोषक संरचना (प्रति 100 ग्राम खाद्य भाग, 12 प्रतिशत नमी)

अनाज	प्रोटीन (ग्राम)	वसा (ग्राम)	कुल खनिज (ग्राम)	अपरिष्कृत रेशा (ग्राम)	कार्बोहाइड्रेट्स (ग्राम)	ऊर्जा (किलो कैलोरी)	कैल्शियम (मिली ग्राम)	आयरन (मिली ग्राम)	थायमिन (मिली ग्राम)	राइबोफ्लेविन (मिली ग्राम)
चावल (भूरा)	7.9	2.7	1.3	1.0	76.0	362	33	1.8	0.41	0.04
गेहूँ	11.6	2.0	1.6	2.0	71.0	348	30	3.5	0.41	0.10
मक्का	9.2	4.6	1.2	2.8	73.0	358	26	2.7	0.38	0.20
ज्वार	10.4	3.1	1.6	2.0	70.7	329	25	5.4	0.38	0.15
बाजरा	11.8	4.8	2.2	2.3	67.0	363	42	11.0	0.38	0.21
रागी	7.7	1.5	2.6	3.6	72.6	336	350	3.9	0.42	0.19
सामान्य श्री अन्न	11.2	4.0	3.3	6.7	63.2	351	31	2.8	0.59	0.11
कुटकी	9.7	5.2	5.4	7.6	60.9	329	17	9.3	0.30	0.09
सामवा	11.0	3.9	4.5	13.6	55.0	300	22	18.6	0.33	0.10
कोदो	9.8	3.6	3.3	5.2	66.6	353	35	1.7	0.15	0.09

स्रोत: (जयभाये एट अल., 2014)

एसिड और राइबोफ्लेविन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा सबसे अधिक है, जो रैजिस्टेन्ट स्टार्च; घुलनशील और अघुलनशील आहार फाइबर में काफी समृद्ध है। बताया गया है कि कोदो और कुटकी में 37 प्रतिशत से 38 प्रतिशत आहार फाइबर होता है, जो अन्य अनाजों में सबसे अधिक है और हालांकि वसा की मात्रा कम है, लेकिन इसमें पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड (पीयूफा) की मात्रा अधिक है।

पूरक आहार में श्री अन्न का उपयोग

दुनिया के कई हिस्सों में पारंपरिक रूप से पूरक आहार में श्री अन्न का उपयोग किया जाता रहा है। श्री अन्न का उपयोग मुख्य रूप से दलिया और अन्य पूरक खाद्य पदार्थों के आधार के रूप में किया जाता है। पूरक खाद्य पदार्थों में श्री अन्न को शामिल करने से शिशुओं और छोटे बच्चों के पोषक तत्वों के सेवन में सुधार करने में मदद मिल सकती है। इनका उपयोग शिशु के लिए अनाज मिश्रण, बिस्कुट और अन्य स्नैक फूड बनाने के लिए भी किया जा सकता है। इनको अन्य सामग्री जैसे कि दाल, फल और सब्जियों के साथ भी पूरक खाद्य पदार्थ बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है जिससे उनके पोषक तत्वों में वृद्धि हो सके।

कई शोधकर्ताओं ने आधार सामग्री के रूप में श्री अन्न का उपयोग करके पोषण संबंधी उपयुक्त पूरक खाद्य पदार्थ तैयार करने का प्रयास किया है। इस शोधों में सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों में से एक थी-श्री अन्न में प्रति-पोषक तत्वों की उपस्थिति जो प्रमुख और सूक्ष्म पोषक तत्वों की जैव-उपलब्धता को कम करती है। श्री अन्न में प्रति-पोषक तत्व के रूप में फाइटेट्स और टैनिन; तथा मिट्टी से सिलिकॉन और मोलिब्डेनम जैसे कुछ पदार्थ पाए जाते हैं जो न केवल अमीनो एसिड और खनिजों की उपलब्धता को प्रतिबंधित करते हैं बल्कि कार्बोहाइड्रेट्स और प्रोटीन की पाचन क्षमता को भी कम कर देते हैं। अनाज के पोषक मूल्य को बढ़ाने के लिए जो कि मैक्रोन्यूट्रिएंट के फुलाव, प्रोटीन की मात्रा और गुणवत्ता और खनिजों की कम जैव-उपलब्धता के कारण प्रतिबंधित हो गए हैं, विभिन्न प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों जैसे कि मिलिंग, अंकुरण, किण्वन, भूनना, भिगोना का प्रयोग किया जा सकता है जो अनाज को पोषण संबंधी घनत्व, थोक आहार संबंधी स्थूलता

चित्र 2: माल्टिंग से प्राप्त रागी आधारित शिशु आहार

(बल्किनेस) और अनुकूल विशेषताएं प्रदान करें। श्री अन्न आधारित पूरक खाद्य पदार्थों को बनाने के लिए विभिन्न प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों को नियोजित करने वाले अध्ययनों की समीक्षा निम्नलिखित अनुभाग में की गई है।

माल्टिंग

शिशु आहार के लिए परंपरागत रूप से श्री अन्न माल्ट का उपयोग किया जाता है। माल्टिंग में अंकुरण शुरू करने के लिए अनाज को पानी में भिगोया जाता है, जिससे पोषक तत्व अधिक उपलब्ध होते हैं और पचाने में आसान हो जाते हैं। इससे स्टार्च का एमाइलोलिटिक ब्रेक्डाउन होता है जिससे चिपचिपापन (विस्कोसिटी) कम होता है अतः स्थूलता को भी कम हो जाती है। रागी में अच्छी माल्टिंग विशेषताएँ होती हैं और इसकी माल्टिंग कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में लोकप्रिय है। माल्टिंग पोषक तत्वों जैसे, फाइबर, खनिज, वसा, विटामिन बी, सी और उनकी उपलब्धता को बढ़ाने में मदद करता है तथा पोषक तत्वों की जैव-उपलब्धता तथा अनाज की संवेदी विशेषताओं में सुधार करता है। श्री अन्न माल्ट का उपयोग कम आहार संबंधी स्थूलता और कैलोरी

से भरपूर पूरक खाद्य पदार्थों को बनाने में किया जाता है क्योंकि यह स्वास्थ्य खाद्य पदार्थों और एमाइलेज का एक अच्छा आधार है।

ब्राउन रागी को माल्ट करने से टैनिन और फाइटिक एसिड जैसे प्रतिपोषक तत्वों की मात्रा में महत्वपूर्ण कमी आती है, जबकि माल्ट होने पर आयनित आयरन और घुलनशील जिंक के स्तर में सुधार होता है। कुटकी को माल्ट करने, भाप देने और भूनने से इसके न्यूट्रास्युटिकल और एंटीऑक्सीडेंट गुण बढ़ जाते हैं, जैसे कुल फेनोलिक, फ्लेवोनोइड और टैनिन कंटेन्ट, आदि। बाजरा और रागी की माल्टिंग से प्रोटीन में कमी आती है, लेकिन प्रोटीन दक्षता अनुपात (पीईआर) और सभी खनिजों की जैव-उपलब्धता में वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, प्रति-पोषक तत्वों को कम करने में माल्टिंग का स्पष्ट प्रभाव देखा गया है। कई शोधकर्ताओं ने श्री अन्न आधारित वीनिंग फूड तैयार किए हैं जिन्हें आमतौर पर माल्टेड श्री अन्न का आटा (कोदो, कँगनी, रागी, सामवा और कुटकी), कुछ अन्य अनाज जैसे चावल, गेहूँ का आटा, दालों का आटा (काला चना, हरा चना, सोयाबीन), सूखे फल और सब्जियों के पाउडर को दूध और चीनी के साथ मिश्रित कर तैयार किया जाता है।

किण्वन

किण्वन से अनाज में कई जैव-रासायनिक परिवर्तन होते हैं, जिसमें पोषक तत्व और प्रति पोषक तत्वों के परिवर्तित अनुपात शामिल हैं। इससे बायोएक्टिव गुण और पाचन क्षमता प्रभावित होती है। किण्वित श्री अन्न पारंपरिक रूप से पूरक खाद्य पदार्थ बनाने में उपयोग किए जाते हैं जिससे ट्रिप्सिन अवरोधकों, एमाइलेज अवरोधकों और फाइटेट्स में उल्लेखनीय कमी होती है जो बेहतर प्रोटीन पाचनशक्ति और कार्बोहाइड्रेट्स उपयोग में सुधार का संकेत देता है। किण्वित श्री अन्न और दालों के आटे के मिश्रण से कई पूरक खाद्य पदार्थ बनाए जा सकते हैं जिनसे उनकी कार्यात्मक विशेषता और पोषक तत्वों की मात्रा में सुधार आ सके।

अंकुरण

अंकुरण, अनाज की एंजाइमेटिक गतिविधि को अत्यधिक प्रभावित करता है और बड़े अणुओं को हाइड्रोलाइज करके उनके कार्यात्मक

चित्र 3: पूरक आहार हेतु रागी का अंकुरण

गुणों में बड़े बदलाव का कारण बनता है जिससे उन्हें पचाना आसान हो जाता है और जैवसक्रिय यौगिक भी उत्पन्न होते हैं। शोधकर्ताओं के द्वारा सुझाव दिए गए हैं कि अंकुरण के बाद श्री अन्न (बाजरा, रागी) के आटे के तकनीकी-कार्यात्मक गुण (जल अवशोषण क्षमता, हाइग्रोस्-कोपिसिटी और फुलाव) में वृद्धि होती है तथा प्रोटीन और फाइटिक एसिड जैसे पोषक तत्वों में भी बदलाव आते है। अंकुरण के दौरान स्टार्च के शर्करा में टूटने से चिपचिपापन (विस्कोसिटी) और थोक की मात्रा में भी कमी आती है। पूरक खाद्य पदार्थ अंकुरित श्री अन्न तथा दाल, सूखी सब्जियां और फलों के मिश्रण से बनाए जाए सकते हैं जिनके कार्यात्मक गुण पूरक खाद्य पदार्थ के लिए उपयुक्त होते है। अंकुरण से फाइटेट्स में भी कमी आती है एवं प्रोटीन तथा प्रोटीन पाचनशक्ति बढ़ जाती है।

भूनना

भूनने में खाद्य सामग्री का उच्च तापोपचार शामिल होता है। कँगनी तथा बाजरा जैसे श्री अन्न को भूनने के बाद आटा बनाया जा सकता है जिसकी भौतिक-रासायनिक विशेषताएँ पूरक खाद्य पदार्थ बनाने के अनुकूल होती है। शुष्क तपोपचार के कारण नमी की मात्रा में कमी आती है और स्टार्च का आंशिक जिलेटिना-इजेशन होता है जिससे भुनने के बाद, जल अवशोषण सूचकांक, तेल अवशोषण सूचकांक, फुलाव शक्ति और घुलनशीलता (प्रतिशत) में वृद्धि हो सकती है। भूनने की प्रक्रिया को श्री अन्न और अन्य अनाज और दाल के लिए एक पूर्व उपचार के तौर पर उपयोग किया जा सकता है। आम तौर पर, भूनने से श्री अन्न के प्रोटीन, फाइटेट्स की मात्रा और कुल शर्करा की मात्रा में कमी आती है। हालांकि इससे प्रोटीन की पाचन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

एक्सट्रूज़न

एक्सट्रूज़न उच्च तापमान, उच्च दबाव तथा कम समय की प्रक्रिया को संदर्भित करता है जो स्टार्च के जिलेटिनाइजेशन, प्रोटीन के विकृती-करण, पोषण-विरोधी कारकों की निष्क्रियता और आहार फाइबर की घुलनशीलता के कारण आटे के कार्यात्मक गुणों को बड़े पैमाने पर बदल सकता है। इस प्रक्रिया से श्री अन्न जैसे बाजरा, या गेहूं के आटे को दूध, छेना, या व्हे प्रोटीन के साथ इस्तेमाल कर एक कम लागत वाला अनाज आधारित वीनिंग फूड विकसित किया जा सकता है जो शिशुओं में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से निपटने के लिए आवश्यक पोषक तत्वों को पूरा करता है।

चुनौतियाँ और अवसर

पूरक आहार में श्री अन्न का उपयोग चुनौतियों से रहित नहीं है। मुख्य चुनौतियों में से एक देखभाल करने वालों और स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच श्री अन्न के पोषण संबंधी लाभों के बारे में जागरूकता और ज्ञान की कमी है। कई क्षेत्रों में श्री अन्न की उपलब्धता और पहुंच भी सीमित है, जिससे इसे खरीदना महंगा और मुश्किल हो सकता है। श्री अन्न आधारित पूरक खाद्य पदार्थों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रसंस्करण और भंडारण प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की भी आवश्यकता है।

हालाँकि, पूरक खाद्य पदार्थों में बाजरा के उपयोग को बढ़ाने के भी कई अवसर हैं। उदाहरण के लिए, ग्लूटेन-मुक्त और स्वस्थ खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है, जिसे कदन्न-आधारित उत्पादों से पूरा किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, पोषण में सुधार और कुछ प्रमुख फसलों पर निर्भरता कम करने के लिए खाद्य स्रोतों में विविधता लाने की आवश्यकता है, जिससे श्री अन्न एक आकर्षक विकल्प बन सके। गेहूं और चावल जैसी अन्य अनाज फसलों की जगह श्री अन्न के उपयोग में वृद्धि से संबंधित स्थानीय किसानों के लिए अधिक मुनाफा भी पैदा हो सकता है।

निष्कर्ष

श्री अन्न अपनी पोषण संरचना, सामर्थ्य और पहुंच के कारण पूरक खाद्य पदार्थों के लिए एक आशाजनक घटक है। हालाँकि, पूरक खाद्य पदार्थों में श्री अन्न के उपयोग से जुड़ी चुनौतियाँ हैं, जिनके लिए और अधिक शोध और विकास की आवश्यकता है। कदन्न-आधारित पूरक खाद्य पदार्थों में शिशुओं और छोटे बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार करने और टिकाऊ खाद्य प्रणालियों में योगदान करने की अपार क्षमता है।

❑❑❑❑

कल समय मिलेगा,
यह सबसे बड़ा भ्रम है।

पौष्टिक गुणों से भरी कंगनी

प्रियंका जोशी एवं रेणु मोगरा

समुदाय एवं व्यवहारिक विज्ञान महाविद्यालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर, राज्यस्थान

मिलेट्र्स यानि मोटे अनाज अपने अनूठे स्वाद, उच्च फाइबर और कई स्वास्थ्य लाभों के साथ दुनिया भर के कई देशों में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। भारत में पाए जाने वाले मिलेट्र्स में बाजरा, ज्वार, मंडुवा (रागी), सामां (मादिरा), चीना, कुटकी और कोदो प्रमुख हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष' कहा गया है। इसका उद्देश्य मोटे अनाजों के सेवन व उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मोटे अनाजों को श्री अन्न का दर्जा दिया है।

कंगनी को अंग्रेजी भाषा में फॉक्सटेल मिलेट के नाम से भी जाना जाता है। इसका वानस्पतिक नाम सेतिरिया इटालिका है। कंगनी विश्व में उगाए जाने वाले प्राचीनतम सात खाद्य पदार्थों में से एक है। इसकी खेती एशिया, अफ्रीका और अमेरिका के लगभग 23 देशों में की जाती है। यह स्व-परागण, अल्पावधि, सी 4 पौधा है जो कि, मानव उपभोग के लिए श्रेष्ठ भोजन, मुर्गीपालन और पक्षियों के लिए उत्तम बीज और पशुओं के अच्छे चारे का विकल्प हैं। विश्व में मोटे अनाजों के उत्पादन में कंगनी का दूसरा स्थान है। भारत में इसे मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश,

उत्तर प्रदेश और कुछ हद तक भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में उगाया जाता है।

शुष्क क्षेत्रों में कंगनी एक पतली, खड़ी पत्तेदार उपज है, इसकी फसल तैयार होने में लगभग 90 दिन का समय लगता है। इसके पौधे की ऊँचाई 4-5 फीट तक होती है तथा बीज बहुत ही छोटे, लगभग 2 मिलीमीटर के होते हैं, जो एक छिलके से ढके होते हैं। कंगनी के बीज का रंग अलग-अलग क्षेत्रो में अलग-अलग होता है। कंगनी का आकार छोटा और गोल होता है तथा इसका स्वाद हल्का मीठा और अखरोट के स्वाद जैसा होता है। यह चीन एक महत्वपूर्ण मोटा अन्न है, जिसे छोटा चावल भी कहते हैं एवं वहाँ काफी मात्रा में इसका उपभोग किया जाता है। कंगनी का प्रयोग रूस में बियर के एक घटक के रूप में तथा जापान में आसूत शराब के लिए भी किया जाता है। दक्षिण भारत के गरीब क्षेत्रों में तो यही मुख्य भोजन है। हालांकि उत्तर भारत में कंगनी का उपयोग, एक व्रताहार तक ही सीमित होता है।

खेती के लिए जलवायु व मिट्टी

कंगनी अनाज का उत्पादन मुख्यतः गर्म और शीतोष्ण जलवायु में किया जाता है। इसकी खेती सभी प्रकार की मिट्टी और प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी की जा सकती है। कंगनी की अच्छी पैदावार के लिए, मध्यम उपजाऊ एवं अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी की आवश्यकता होती है। हालाँकि, यह रेतीली से लेकर भारी चिकनी मिट्टी तक में उगाई जा सकती है। कंगनी का उत्पादन 500-700 मिमी वार्षिक वर्षा वाले स्थानों पर भी अच्छी पैदावार के साथ किया जा सकता है, परंतु यह जल जमाव वाली स्थिति या अत्यधिक सूखे की स्थिति को सहन करने में अक्षम है।

बुवाई का समय

भारत में कंगनी की बुवाई खरीफ व रबी के मौसम में की जाती है। कर्नाटक और महाराष्ट्र में इसकी बुवाई खरीफ (जुलाई-अगस्त) में एवं तमिलनाडु में रबी के समय अगस्त-सितम्बर माह में की जाती है। कंगनी की पंक्ति में बुवाई के लिए 8-10 किग्रा/हेक्टेयर एवं प्रसारण के लिए 15 किग्रा/हेक्टेयर बीज दर की आवश्यकता होती है। इसके बीज का उपचार रिडोमिल या कार्बेन्डाजिम द्वारा 2 ग्राम/किग्रा की दर से किया जाता है।

बुवाई दूरी

कंगनी को 25-30 से.मी. (पंक्ति से पंक्ति) एवं 8-10 से.मी. (पौधा से पौधा) की दूरी पर लगाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बीज को 2-3 से.मी. की गहराई में बोना चाहिए।

खाद और उर्वरक

बुवाई से लगभग एक महीने पहले 5-10 टन/हेक्टेयर की दर से कम्पोस्ट या गोबर की खाद डालना चाहिए। आमतौर पर अच्छी फसल पाने के लिए 40 किग्रा नाइट्रोजन, 20 किग्रा P_2O_5 और 20 किग्रा K_2O उर्वरकों की अनुशंसा प्रति हेक्टेयर दी जाती है। बुवाई के समय P_2O_5 की पूरी मात्रा तथा नाइट्रोजन की आधी मात्रा डालने और नाइट्रोजन की शेष आधी मात्रा बुवाई के 30 दिन बाद डालने की सलाह दी जाती है।

निराई और अंतरसांस्कृतिक संचालन

खेती में बुवाई की गई कतार में दो अंतर और एक हाथ से निराई-गुड़ाई फसल की अनुशंसा की जाती है। साथ ही जब फसल 30 दिन की हो जाए तो टाइन-हैरो का उपयोग अंतरसांस्कृतिक संचालन के लिए करना उचित है। प्रसारण फसल में

पहली निराई-गुड़ाई अंकुर निकलने के 15-20 दिन बाद करने और पहली निराई के 15-20 दिन बाद दूसरी निराई करने की अनुशंसा दी जाती है।

सिंचाई

खरीफ मौसम की कंगनी फसल को सिंचाई की आवश्यकता न्यूनतम या न के बराबर होती है एंव इसे अधिकतर वर्षा आधारित फसल के रूप में उगाया जाता है। हालाँकि यदि लंबी अवधि के लिए शुष्क मौसम बना रहता है तो फिर 1-2 सिंचाई देने की आवश्यकता होती है। ग्रीष्मकालीन फसल के लिए 2-5 सिंचाई की आवश्यकता होती है।

रोग की फसल

कंगनी में ब्लास्ट (*पाइरिकुलेरिया सेटेरिया*), जंग (*यूरोमाइसेस सेटेरिया*) और भूरा धब्बा (*कोक्लिओबोलस सेटेरिया*) जैसे रोग होते हैं। पत्ती पर विशिष्ट धुरी के आकार के धब्बे हो जाते है एवं अत्यधिक अनुकूल परिस्थितियों में ये धब्बे हो बड़े जाते हैं और आपस में जुड़ जाते हैं। विशेषकर पत्ती के सिरे से आधार की ओर ब्लास्ट और ब्लेड के जैसे दिखाई देने लगते हैं। जंग के दाने भूरे रंग के आयताकार आकर के होते हैं जो, अक्सर रैखिक पंक्तियों में बनते हैं। ये पत्ती के आवरण, डंठल और तने पर भी उत्पन्न होते हैं।

नियंत्रण के उपाय

ब्लास्टः कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत या ट्राइसाइक्लाजोल का 0.05 प्रतिशत की दर से छिड़काव करना चाहिए।

जंगः मैंकोजेब का 0-2 प्रतिशत का छिड़काव करना चाहिए। यदि यह फसल वृद्धि के प्रारंभिक चरण में दिखाई देती हैं तो केवल वारंट स्प्रे करना चाहिए।

कीट

कंगनी में आर्मी वर्म, कट वर्म और लीफ स्क्रैपिंग बीटल कभी-कभी ही गंभीर रूप में प्रकट होते हैं। कुछ निश्चित ही क्षेत्रों में शूट फ्लाई भी होती है, हॉलाकि, यह नियमित पीड़क नहीं है। कीट से क्षति सामान्य रूप से छह सप्ताह तक की फसल के अंकुर के समय में होती है जिसके परिणामस्वरूप, केंद्रीय तना सूखने लगता है। प्रारंभिक अवस्था में और बाद की अवस्था में जो टिलर क्षतिग्रस्त होते हैं उनमें प्रचुर मात्रा में कल्ले तो फूटते हैं तथा बालें उत्पन्न होती हैं परन्तु बीज नहीं बनते हैं।

फसल की कटाई व उपज

आमतौर पर बुवाई के 80-90 दिन बाद फसल कटाई के लिए तैयार हो जाती है। आदर्श स्थिति में 20-25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर अनाज और 30-40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर भूसा प्राप्त होता हैं।

गेहूँ, चावल और मकई जैसी अन्य मुख्य फसलों के विपरीत, कंगनी को उगाने के लिए बहुत कम पानी और उर्वरक की आवश्यकता होती है एंव पर्यावरण को कम नुकसान पहुँचता है। इसके अतिरिक्त यह प्राकृतिक रूप से कीटों और बीमारियों के लिए प्रतिरोधी है, जिसका अर्थ है कि किसानों को इसे उगाने के लिए हानिकारक रसायन या कीटनाशकों का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। इससे परिणामस्वरूप पर्यावरण में छोड़े जाने वाले हानिकारक रसायनों की मात्रा में कमी आती है और कंगनी खाने वाले लोगों द्वारा उपभोग किए जाने वाले, हानिकारक रसायनों की संख्या में कमी आती है।

पोषण में महत्व

कंगनी में उच्च मात्रा में फाइबर, प्रोटीन और आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे आवश्यक खनिज होते हैं। यह विटामिन बी का अच्छा स्रोत होने के साथ फास्फोरस और ट्रिप्टोफेन का भी अच्छा स्रोत है। कंगनी का पोषक मान आम मोटे अनाजों की तरह है। इसकी पौष्टिकता और इसे खाने से होने वाले लाभ ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। 100 ग्राम कंगनी में, प्रोटीन लगभग 11 प्रतिशत, वसा 4 प्रतिशत तथा रेशा 6.7 प्रतिशत होता है। इसमें आवश्यक अमीनो एसिड और विटामिन जैसे थायमिन, नियासिन और राइबोफ्लेविन उच्च मात्रा में हैं। कंगनी का उपयोग रोटी बनाने में किया जा सकता है। कंगनी को पारंपरिक भारतीय व्यंजनों जैसे उपमा, दलिया, डोसा, इडली, खिचड़ी, खीर, बिस्कुट आदि में इस्तेमाल किया जा सकता है।

कंगनी को पकाने से पहले 4 से 5 घंटे भिगो कर रखना जरूरी है अन्यथा इसे पचाने में समस्या आ सकती है। थायराइड रोगियों को मिलेट ना खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि मिलेट में गोइट्रोजेनिक पदार्थ की मात्रा पाई जाती हैं। इन रोगियों में हाइपोथायरायडिज्म यानी कि अंडर एक्टिव थायराइड रोगी और हाइपरथायराडिज्म यानी कि ओवरएक्टिव थायराइड रोगी शामिल हैं। गोइट्रोजेनिक पदार्थ शरीर में आयोडिन के अवशोषण (सोखने) को रोकता है।

स्वास्थ्य लाभः कंगनी यानी फॉक्सटेल मिलेट में कई तरह के पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो शरीर को पोषण देने के साथ-साथ कई सारे रोगों से भी लड़ने में मदद करते हैं।

- कंगनी के प्रयोग से रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।
- इसमें भरपूर मात्रा में आयरन और प्रोटीन पाया जाता है जो कि एनीमिया जैसी बीमारियों से छुटकारा दिला सकता है।
- लौह तत्व, फॉस्फोरस और रेशे से भरपूर होने के कारण कंगनी कमजोरी से पीड़ित लोगों के लिए एक फायदेमंद अनाज है तथा इसके अंकुरण से कुछ खनिज तत्वों की उपलब्धता बढ जाती है।
- कंगनी में कैल्शियम उच्च मात्रा में उपस्थित होता है और यह हड्डियों व दांतों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।
- यह मेटाबॉलिज्म को सुचारू रूप से काम करने में मदद करता है।
- कंगनी में रेशा साबुत अनाजों की भांति उच्च मात्रा में उपस्थित होता है। रेशा शरीर के जठरांत्र मार्ग में अधिक समय के लिए रहता है और हमारे पेट को भरा रखता है। इसी वजह से रेशे के सेवन से भूख लगने का अहसास कम प्रतीत होता है। रेशा हमारे शरीर में ऊर्जा की मात्रा को स्वचालित रूप से प्रतिबंधित करता है। इनको खाने से मोटापे से छुटकारा मिलता है।
- कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स और उच्च रेशा सामग्री के कारण ये अनाज शरीर में कार्बोहाइड्रेट्स के पाचन और अवशोषण को धीमा करने में मदद करता है। इसके अलावा, इसमें सूजन-रोधी गुण पाए गए हैं। ये समग्र हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

- कंगनी लस मुक्त विकल्प और स्वस्थ आहार में भी मददगार साबित हो रहा है।
- कंगनी एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर अनाज है। इसमें एंटी-फंगल और एंटी-कैंसर गुण भी पाए जाते हैं।
- हमारे शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को सामान्य करता है और खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम करने में सहायक है।
- कंगनी में सेरोटोनिन नामक एक पदार्थ उपलब्ध होता है, जो हमारे दिमाग को शांत करता है।
- कंगनी में उपलब्ध बीटा केरोटिन हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधी क्षमता को बढ़ाने में बहुत ही मददगार है। साथ ही यह त्वचा को भी एक अलग ही चमक प्रदान करता है और आंखों और बालों के लिए भी बहुत ही लाभदायक है।

कंगनी के व्यंजन

कंगनी के लड्डू

सामग्री	मात्रा
कंगनी का आटा	100 ग्राम
गुड़	80 ग्राम
इलायची	4 ग्राम
मूँगफली	40 ग्राम

कंगनी के लड्डू

विधि :-

1. कंगनी के आटे को छान लें।
2. घी और कंगनी का आटा डालकर हल्का भूरा होने तक भूनें।
3. मूंगफली को भून लें और छोटे-छोटे टुकड़े कर लें।
5. मोटे तले के पैन में बारीक पिसा हुआ गुड़ डालें और पिघला लें।
6. गुड़, भुना आटा, कुटी हुई मूंगफली और इलायची पाउडर मिलाएं।
7. समान आकार के लड्डू बना लें।

कंगनी नानखटाई

सामग्री	मात्रा
कंगनी का आटा	60 ग्राम
मैदा	40 ग्राम
बेकिंग पाउडर	1 चम्मच
बेकिंग सोडा	1 चुटकी
कंडेंस्ड मिल्क	20 मि.ली
वनीला एसेंस	1/4 चम्मच
रिफाइंड तेल	20 मि.ली.

कंगनी नानखटाई

विधि :-

1. रिफाइंड तेल को अच्छी तरह से फेंट कर उसमें कंडेंस्ड मिल्क, वैनिला एसेंस और पानी डालें औरफिर इलेक्ट्रिक बीटर से अच्छी तरह मिलाएं।
2. उपरोक्त मिश्रण में कंगनी का आटा, मैदा, बेकिंग पाउडर व बेकिंग सोडा डालकर छान लें।
3. इस मिश्रण को मफिन ट्रे में डालें।
4. 200 डिग्री सेल्सियस तापमान पर 20 मिनट के लिए बेक करें।

कंगनी का हलवा

सामग्री	मात्रा
कंगनी का आटा	30 ग्राम
घी	15 ग्राम
शक्कर	20 ग्राम

इलायची व अन्य सूखे मेवे	आवश्यक-तानुसार
पानी	150 मि.ली.

कंगनी का हलवा

विधि :-

1. एक कड़ाही में घी गरम करें।
2. इसमें कंगनी का आटा डालकर भूनें।
3. जब आटा भूरा होने तक भुन जाए तो इसमें पानी एवं शक्कर मिलाएं एवं जब तक मिश्रण घी न छोड़ दे, तब तक पकाएं।
4. इच्छानुसार इलायची व अन्य सूखे मेवे मिलाए व गरम-गरम परोसें।

कंगनी के पकौड़े

सामग्री	मात्रा
कंगनी का आटा	30 ग्राम
आलू	20 ग्राम
सैंधा नमक	स्वादानुसार
काली मिर्च	3-4
हरी मिर्च	1
हरा धनिया	कुछ पत्तियां
पानी	घोल बनाने के लिए उचित मात्रा
तेल	तलने के लिए उचित मात्रा

कंगनी के पकौड़े

विधि :-

1. आलू को छीलकर, छोटे-छोटे टुकड़ों में लम्बा काट लें।
2. एक भगोने में कटा हुआ आलू, हरी मिर्च, हरा धनिया, कंगनी का आटा एवं पानी मिलाकर घोल बना लें।
3. सैंधा नमक व काली मिर्च मिलाएं।
4. कड़ाही में तेल डालकर पकौड़ों को सुनहरा होने तक तलें।

निष्कर्ष

कंगनी (फॉक्सटेल मिलेट) महत्वपूर्ण श्री अन्न फसलों में से एक है। स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले घटकों की विस्तृत श्रृंखला के बीच, यह एंटीऑक्सिडेंट्स, फेनोलिक्स, आहार फाइबर, प्रोटीन, वसा, स्टार्च, विटामिन और खनिजों से भरपूर माना जाता है। ये घटक मनुष्य में विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक प्रभाव डालते हैं। अन्य श्री अन्न फसलों की तरह, ये अनाज प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी उगने में सक्षम है। इसकी खेती के तरीकों, कीट प्रबंधन इत्यादि के बारे में जागरूकता निश्चित रूप से किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। इसका उपभोग आमतौर पर छिलकारहित अनाज या पाउडर के रूप में किया जाता है। कंगनी का उपयोग हलवा, पकौड़ा और नान खटाई जैसे कुछ पारंपरिक उत्पादों के पोषण मूल्य को बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।

श्री अन्न फसलों को सूत्रकृमि से नुकसान एवं प्रबंधन

अर्चना उदय सिंह, गौरव ठाकरान एवं राजेन्द्र शर्मा

सूत्रकृमि संभाग, भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली

श्री अन्न अथवा कदन्न फसलें विश्व एवं हमारे देश की प्राचीनतम फसलें है जिनका प्रयोग पुराने समय से खाद्यान्न के रूप में होता आ रहा है। कदन्न फसलें ऐसी अनाज फसलों का समूह है जिनके बीज आकार में छोटे एवं मोटे होते हैं तथा पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनके पौष्टिक अनाज, मोटे अनाज वाली फसलें, मिलेट क्रॉप, सुपर फूड आदि नाम से प्रचलित हैं। भारत कदन्न फसलों के क्षेत्रफल व उत्पादन में विश्व स्तर में अग्रणी देश है जो एशिया महाद्वीप का 80 प्रतिशत और विश्व का 20 प्रतिशत उत्पादन करता है। वैसे तो कदन्न फसलों का उत्पादन सम्पूर्ण भारतवर्ष में किया जाता है, परन्तु उनमें अग्रणी उत्पादक राज्य राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्यप्रदेश हैं। कदन्न फसलें मुख्यतः समशीतोष्ण, उपोष्ण कटिबंध एवं उष्ण कटिबंध क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं। इसलिए यह शुष्क खेती और सीमांत एवं कम उपजाऊ भूमि के लिए उपयुक्त फसलें हैं।

सीमांत एवं छोटे किसानों के लिए कदन्न फसलें खाद्य व पौष्टिक सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक सुरक्षा में भी योगदान करती है। कदन्न फसलों के अनाज में अन्य साधारण अनाज (गेहूं व धान) की अपेक्षा अधिक मात्रा पोषक तत्व में पाए जाते हैं। अधिकांश श्री अन्न फसलें पोएसी/घास परिवार से सम्बन्धित हैं जैसे बाजरा, ज्वार, रागी/मडुआ, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी, ब्राउन टॉप मिलेट, आदि।

चित्र 1: कदन्न फसलें

कदन्न फसल में कई पोषक तत्व जैसे विटामिन बी-3, बी-6, केरोटीन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, पौटेशियम, कैल्शियम, लोहा, जस्ता, रेशे आदि पाए जाते हैं जो कि मनुष्य के संतुलित आहार की पूर्ति करते हैं साथ ही साथ मनुष्य की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाते हैं। ये डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और कैंसर आदि जैसे रोगो में भी लाभदायक होते हैं। इन फसलों का उपयोग पशुओं के दाने व चारे के रूप में भी किया जाता है जिससे पशुओं के दुग्ध उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

श्री अन्न फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले सूत्रकृमि हैं। सूत्रकृमि अतिसूक्ष्म, पतले, खंड-रहित एवं धागे के सामान आकार के होते है। इन्हे सामान्यतः नग्न आखों द्वारा नहीं देखा जा सकता है। सूत्रकृमियों को प्रयोगशाला में केवल सूक्ष्मदर्शी द्वारा ही देखा जा सकता है। ये द्विलिंगी तथा इनके शरीर में कूट-गुहा होती है। सूत्रकृमि उपांग रहित होते हैं तथा पौधों की जड़ो एवं कोशिकाओं से अपना पोषण मुख में उपस्थित शुक्रिका अथवा शूलनाशक संरचना के द्वारा करते हैं।

सूत्रकृमि सभी प्रकार की जलवायु में पाए जाते हैं। इनकी लगभग 1,00,000 प्रजातियां विश्व भर में पायी जाती हैं। सूक्ष्मदर्शी होने के कारण शुरुआती अवस्था में इनका पता लगाना बहुत मुश्किल होता है जब इनकी संख्या ज्यादा हो जाती है तो ये फसल को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं। कदन्न फसलों में सूत्रकृमियों की बहुत बड़ी

तालिका 1: वैश्विक स्तर पर श्री अन्न फसलों का उत्पादन व क्षेत्र (स्रोतः खाद्य व कृषि संगठन सांख्यिकी-2021-22)

देश	क्षेत्रफल (लाख हेक्टयर)	उत्पादन (लाख टन)
अफ्रीका	489	423
अमेरिका	53	193
एशिया	162	215
यूरोप	8	20
ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैण्ड	6	12
भारत	138	173
विश्व	718	813

तालिका 2: श्री अन्न अनाजों की पोषण गुणवत्ता

फसल	कार्बोहाइड्रेट्स (ग्राम)	प्रोटीन (ग्राम)	वसा (ग्राम)	ऊर्जा (कि.कै.)	रेशे (ग्राम)	कैल्शियम (ग्राम)	फॉस्फोरस (मिग्रा)	मैग्नीशियम (मिग्रा)	जस्ता (मिग्रा)	प्रोटीन (मिग्रा)
ज्वार	67.7	09.97	1.73	334	10.22	28	274	133	2.96	3.95
बाजरा	61.8	10.96	5.43	348	11.49	27	289	124	2.76	6.42
रागी	66.8	7.16	1.92	321	11.18	364	210	146	2.53	4.62
कोदो	66.2	8.92	2.55	332	6.39	15	101	122	1.65	2.34
कुटकी	65.6	10.13	3.89	346	7.72	16	130	91	1.82	1.23
चीना	70.4	12.50	1.10	341	2.20	14	206	153	1.40	0.80
कंगनी	60.1	12.30	4.30	331	8.00	31	188	81	2.40	2.80
सावा	65.6	6.20	2.20	307	9.80	20	280	82	3.00	5.00
कुट्टू	71.5	13.3	3.4	343	10	12	118	86	2.42	1.34
गेहूँ	64.7	10.59	1.47	322	11.23	39	315	125	2.85	3.97
चावल	78.2	07.94	0.52	356	2.81	7	96	19	1.21	0.65

स्रोत- खाद्य व कृषि संगठन सांख्यिकी (2021-2022)

चित्र 2: विभिन्न प्रकार के सूत्रकृमि

समस्या है क्योंकि सूत्रकृमि के विकास के लिए शुष्क और नमी वाला क्षेत्र अनुकूल होता है जोकि कदन्न फसलों के लिए भी उपयुक्त है।

श्री अन्न फसलों में सूत्रकृमियों की उपस्थिति के लक्षण इस प्रकार है:-

1. अविकसित, छोटे व बौने पौधे
2. पौधे की पत्तियों का पीला पड़ना
3. पौधे का सूख जाना
4. पौधे की अविकसित बालियाँ
5. बालियों मे कम व अस्वस्थ दाने होना
6. अविकसित जड़ें और जड़ों में गांठे बन जाना

1. जड़-गांठ सूत्रकृमि (मेलॉइडोगाइनी)

कदन्न फसलों की जड़ों में गांठनुमा संरचना बनाते हैं। ये सूत्रकृमि 15-300 डिग्री तापमान



चित्र 3 व 4: जड़-गांठ सूत्रकृमि से रोग

पर बालू तथा हल्की मिट्टी में अधिक विकसित होते हैं। पौधों की जड़ों से अपना पोषण लेते हैं तथा वहीं अपना जीवन चक्र पूर्ण करते हैं। जिन खेतों की मृदा में ये सूत्रकृमि होते है। वहाँ पीले, बौने तथा अविकसित पौधे दिखाई देते हैं।

2. पुटी सूत्रकृमि (हेटेरोडेरा)

हेटेरोडेरा सूत्रकृमि कदन्न फसलों का एक महत्वपूर्ण सूत्रकृमि है। यह बिना पोषक पौधे के खेत में लम्बे समय तक रह सकता है क्योंकि इसकी मादा स्वयं को कठोर, भूरे रंग की पुटी में परिवर्तित करके अपने अंडो की रक्षा करती है। ये एक बाध्यकारी परजीवी हैं तथा फसल को बहुत आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं।

चित्र 5: पुटी सूत्रकृमि

3. गुर्दाकार सूत्रकृमि (रोटाइलेन्क्यूलस रेनिफोरमिस)

रोटाइलेन्क्यूलस भी कदन्न फसलों का एक महत्वपूर्ण सूत्रकृमि है। इन सूत्रकृमियों की मादा अपना मुख पौधों की जड़ के अंदर घुसा कर अपना पोषण प्राप्त करती है तथा शरीर का शेष भाग जड़ के बाहर रहता है। इसलिए इन्हें अर्ध अंतपरजीवी भी कहते हैं। इनकी मादाएं गुर्दे जैसी दिखने के कारण इन्हें गुर्दाकार सूत्रकृमि कहते हैं। संक्रमित पौधे पीले पड़ जाते हैं तथा अंत में सूख जाते है। इस प्रकार ये



चित्र 6 व 7: गुर्दाकार सूत्रकृमि

कदन्न फसलों में आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं।

4. जड़-विक्षत सूत्रकृमि (प्राटाईलेंकस)

कदन्न फसलों का यह भी एक अन्य महत्वपूर्ण सूत्रकृमि है। यह जड़ों को बाहर से रहकर नुकसान पहुँचाता है। जड़ों पर भूरे रंग के कट जैसे निशान दिखाई देते हैं जो बाद में समय के साथ काले रंग के हो जाते हैं तथा बाद में संक्रमित जड़ पर फफूंद व जीवाणु आक्रमण कर देते हैं और जड़ पूर्ण रूप से सड़ जाती है। इस कारण पूरा पौधा सूख जाता है।

श्री अन्न फसलों में अन्य सूत्रकृमि

स्टन्ट सूत्रकृमि (टाइलेंकोरिंकस स्पी.), स्पाइरल सूत्रकृमि (हेलिकोटाइलेंकस स्पी.), लांस सूत्रकृमि (होपलोलेमस स्पी.), हेंगर सूत्रकृमि (जिफिनिमा स्पी.), रिंग सूत्रकृमि (क्रिकोनिमोइडिसस्पी.), निडल सूत्रकृमि (लोंजीडोरसस्पी)।

सूत्रकृमियों का प्रबंधन

1. कदन्न फसलों में जड़ गाँठ रोग का नीम आधारित पदार्थों के उपयोग द्वारा प्रबंधन करना।



चित्र 8: अन्य सूत्रकृमि

2. मिट्टी की जांच करवा कर सूत्रकृमियों का पता करना जरूरी है।
3. सूत्रकृमि द्वारा नुकसान का आंकलन करके सूत्रकृमियों के स्तर का प्रबंधन।
4. सूत्रकृमि के व्यवहार और मौसम के सहयोग से उचित फसल चक्र अपना कर।
5. पौध तैयार करते समय सूत्रकृमि रहित नर्सरी तैयार करना।
6. रसायन एवं अन्य तरीकों को साथ साथ उपयोग करके।
7. देश में पाई जाने वाली ट्राइकोडर्मा विरिडे एवं पेसिलोमाइसस लीलोसिनस फफूंद की प्रजातियों द्वारा जड़ गाँठ रोग व अन्य सूत्र-कृमि का प्रबंधन कर सकते हैं।

वातावरण, सुरक्षित कीटनाशक, रोग प्रतिरोधी किस्में, शक्तिशाली जैव नियंत्रक एवं किसानों में जागरूकता की कमी होना सूत्रकृमि विशेषज्ञों के लिए परेशानी बढ़ा देता है। अगर सूत्रकृमि को फफूंद, जीवाणु तथा विषाणु का साथ मिल जाए, तो नुकसान की दर बड़ जाती है। इसके लिए समेकित सूत्रकृमि प्रबंधन अति आवश्यक है। कदन्न फसलें बहुत पोषक आहार है और सभी को एक वक्त जरूर खाना चाहिए। अतः हम सब को इन फसलों में विषेशज्ञों के सहयोग द्वारा सूत्रकृमियों का प्रबंधन करने की भी आवश्यकता है।

❑❑❑❑

समय इंसान को सफल नहीं बनाता,
समय का सही इस्तेमाल इंसान को सफल बनाता है।

भारतीय कृषि में ड्रोन के अनुप्रयोग

लीना कुमारी

भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना, पंजाब

ड्रोन एक उड़ने वाला उपकरण है, जो ऑटोपायलट और जीपीएस निर्देशांक की सहायता से पूर्व निर्धारित मार्ग पर उड़ सकता है। कभी-कभी ड्रोन के लिए 'यूएवी' (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) अथवा 'चालक रहित हवाई वाहन' शब्द का इस्तेमाल किया जाता है, जो कि ग्राउंड स्टेशन और वीडियो सिस्टम सहित ड्रोन की पूरी प्रणाली को संदर्भित करता है। ड्रोन अपनी विविध कार्य क्षमताओं के कारण तेजी से लोकप्रिय होते जा रहे हैं। इतिहास में सबसे पहले मानव रहित हवाई वाहन का विवरण सन् 1839 में किया गया था, जिसमें एक ऑस्ट्रियाई सैनिक ने विस्फोटकों से भरे मानव रहित गुब्बारों द्वारा वेनिस शहर पर हमला किया था। शुरूआती समय में इन चालक रहित हवाई वाहनों का प्रयोग, मुख्यतयाः सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जाता था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान चालक रहित हवाई वाहन (यूएवी) की तकनीकी में बेहद सुधार हुआ। अब्राहम करीम (इज़राइल) को यूएवी तकनीक का जनक माना जाता है। सर्वप्रथम गैर-सैन्य ड्रोन का प्रयोग सरकारी संस्थाओं द्वारा आपदा राहत, सीमा निगरानी और जंगल की आग बुझाने आदि कार्यों के लिए किया जाता था। तत्पश्चात, इनका प्रयोग खनन और निर्माण जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों द्वारा किया जाने लगा।

वर्तमान समय में ड्रोन का प्रयोग कृषि से सम्बन्धित विविध क्षेत्रों में भी किया जाने लगा है। ड्रोन किसानों और कृषि विशेषज्ञों आदि को उनकी फसलों का स्वास्थ्य सम्बन्धित आँकलन करने में सहायता करते हैं। पारंपरिक तरीकों की तुलना में ड्रोन के प्रयोग द्वारा कृषक बड़े कृषि क्षेत्रों का अवलोकन कम समय में अधिक कुशलता से कर सकते हैं। ड्रोन द्वारा किसान पता लगा सकते हैं कि खेतों में उगाई गई फसल स्वस्थ है या नहीं, कब खेतों में खाद या पानी देना है, इत्यादि। इससे खेतों में कीट आदि बीमारियों के संक्रमण का भी पता लगाया जा सकता है। ड्रोन किसानों को कृषि से संबंधित उन समस्याओं की पहचान करने में सक्षम बनाता है जो कि पारंपरिक तरीकों से आसानी से नहीं पहचानी जा सकती तथा ये किसानों के समय व श्रम की बचत भी करता है। हालाँकि भारत में ड्रोन प्रौद्योगिकी अभी भी प्रारंभिक अवस्था में है, परन्तु कई कंपनियाँ प्रयास कर रही हैं कि भारतीय किसानों के लिए ड्रोन आसानी से उपलब्ध हो सकें और इनका कृषि उत्पादन बढ़ाने में प्रयोग किया जा सकें।

चित्र 1: मल्टी रोटर (क्वाडकॉप्टर) ड्रोन

ड्रोन की श्रेणियाँ

वर्तमान समय में कई प्रकार के आधुनिक ड्रोन विविध विशेषताओं के साथ उपलब्ध हैं। इनका श्रेणीकरण भार, रोटर और उड़ने के लिए प्रयुक्त तंत्र के आधार पर किया गया है। भार के आधार पर ड्रोन को निम्नलिखित पांच श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

नैनो श्रेणीः इस श्रेणी में 250 ग्राम तक वजन वाले ड्रोन शामिल हैं।

लघु श्रेणीः इस श्रेणी में 250 ग्राम से 2 किग्रा तक वजन वाले ड्रोन शामिल हैं।

सामान्य श्रेणीः 2-25 किग्रा तक वजन वाले ड्रोन इस श्रेणी में आते हैं।

मध्यम श्रेणीः 25-150 किग्रा तक वजन वाले ड्रोन इस श्रेणी में आते हैं।

वृहद् श्रेणीः इस श्रेणी में 150 किलो से अधिक वजन वाले ड्रोन शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त रोटर और उड़ने वाले तंत्र के आधार पर ड्रोन को निम्नलिखित श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता हैः

1. मल्टी रोटर ड्रोन
2. फिक्स्ड विंग ड्रोन
3. सिंगल रोटर हेलीकॉप्टर या ड्रोन
4. फिक्स्ड विंग हाइब्रिड वीटीओएल ड्रोन

1. मल्टी रोटर ड्रोन

पेशेवरों द्वारा मल्टी रोटर ड्रोन का प्रयोग सर्वाधिक किया जाता है। इनका ज्यादातर उपयोग हवाई (एरियल) फोटोग्राफी, एरियल वीडियो सर्विलांस जैसे अनुप्रयोगों के लिए

किया जाता है। मल्टी-रोटर ड्रोन को रोटर्स की संख्या के आधार पर आगे भी वर्गीकृत किया जा सकता है। इनमें मुख्यतया: ट्राइकॉप्टर (3 रोटर), क्वाडकॉप्टर (4 रोटर), हेक्साकॉप्टर (6 रोटर) और ऑक्टोकॉप्टर (8 रोटर) शामिल हैं। इनमें से क्वाडकॉप्टर (4 रोटर) सबसे अधिक लोकप्रिय और व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला प्रकार (वैरिएंट) है (चित्र 1)।

इस प्रकार के ड्रोन बनाने में आसान और अपेक्षाकृत सस्ते होते हैं, लेकिन इनकी कुछ सीमाएँ भी हैं। इन सीमाओं में उड़ान का सीमित समय और सीमित गति शामिल हैं। मुख्य समस्या यह है कि बहु-कॉप्टरों को अपनी ऊर्जा (बैटरी) का एक बड़ा हिस्सा, गुरुत्वाकर्षण से लड़ने और हवा में खुद को स्थिर करने के लिए खर्च करना पड़ता है। इसलिए अधिकांश मल्टी-रोटर ड्रोन का न्यूनतम पेलोड के साथ केवल 20 से 30 मिनट का उड़ान समय होता है।

2. फिक्स्ड विंग ड्रोन

ये ड्रोन डिजाइन में मल्टी-रोटर टाइप ड्रोन से पूरी तरह अलग हैं। फिक्स्ड विंग ड्रोन, सामान्य हवाई जहाज की तरह 'पंख' (विंग) का इस्तेमाल करते हैं। मल्टी-रोटर ड्रोन के विपरीत, फिक्स्ड विंग प्रकार के मॉडल कभी भी, गुरुत्वाकर्षण से लड़ते हुए हवा में रहने के लिए, ऊर्जा का उपयोग नहीं करते हैं, इसलिए ये ड्रोन हवा में स्थिर नहीं रह सकते हैं। इसके बजाय, जब तक उनका ऊर्जा स्रोत अनुमति देता है, तब तक वे अपने निर्धारित मार्ग पर या गाइड कंट्रोल (मानव संचालित) द्वारा निर्धारित पथ के अनुसार आगे बढ़ते हैं। अधिक उड़ान समय और ईंधन दक्षता के कारण, फिक्स्ड विंग ड्रोन लंबी दूरी के संचालन के लिए उपयुक्त हैं। लेकिन इनका उपयोग हवाई फोटोग्राफी के लिए नहीं किया जा सकता है, जहां ड्रोन को कुछ समय के लिए हवा में स्थिर रखने की आवश्यकता होती है। फिक्स्ड-विंग ड्रोन के प्रयोग से जुड़ी अन्य सीमाओं में, उच्च लागत और उड़ान के लिए अत्यधिक कठिन प्रशिक्षण की आवश्यकता हैं। इसके अलावा इन्हें एक 'रन वे' या एक लॉन्चर की जरूरत होती है, जो फिक्स्ड विंग ड्रोन को हवा में निर्धारित मार्ग पर भेजता है। इन्हें सुरक्षित रूप से जमीन पर वापस लाने के लिए भी रन वे या पैराशूट या जाल (नेट) की आवश्यकता होती है।

3. एकल (सिंगल) रोटर ड्रोन

इस प्रकार के ड्रोन डिज़ाइन और संरचना में वास्तविक हेलीकॉप्टर के समान दिखते हैं। एकल रोटर मॉडल में एक बड़े आकार का रोटर ड्रोन को उठाने के लिए होता है और एक छोटे आकार का रोटर ड्रोन के अंतिम सिरे पर इसकी दिशा को नियंत्रित करने के लिए होता है। सिंगल रोटर ड्रोन का उड़ान समय अधिक होता है और इसे गैस इंजन द्वारा भी संचालित किया जा सकता है। यह मल्टी रोटर प्रकारों की तुलना में बहुत अधिक कुशल होते हैं। परन्तु ये काफी महंगे, जटिल तथा परिचालन जोखिम से परिपूर्ण हैं। यदि ड्रोन को ठीक तरीके से संभाला न जाए तो इसके रोटर ब्लेड के बड़े आकार के कारण घातक चोटें लग सकती हैं या दुर्घटना हो सकती है। मल्टी रोटर ड्रोन में रोटर ब्लेड छोटे होने के कारण घातक दुर्घटनाओं का अधिक जोखिम नहीं होता। यद्यपि एकल रोटर ड्रोन को हवा में ठीक से उड़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, परन्तु इनके लिए रन वे या लांचर की जरूरत नहीं होती है।

4. फिक्स्ड विंग हाइब्रिड वीटीओएल (वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग) ड्रोन

इस प्रकार के ड्रोन फिक्स्ड विंग मॉडल (अधिक उड़ान समय) और रोटर आधारित मॉडल (होवर क्षमता) के हाइब्रिड संस्करण हैं। इन ड्रोन में रोटर का उपयोग ड्रोन को हवा में ऊपर उठाने और लैंडिंग के लिए किया जाता है, जबकि पंखों का उपयोग ग्लाइडिंग के लिए किया जाता है। ड्रोन का वांछित मार्ग पर मार्गदर्शन करने के लिए रिमोट आधारित नियंत्रण यन्त्र का उपयोग किया जाता है।

ड्रोन के लाभ और सीमाएं

ड्रोन के लाभ

उच्च दक्षता: ड्रोन का प्रयोग एक नवीन व श्रम तथा समय की बचत करने वाले उपकरण के रूप में बढ़ता जा रहा है। परन्तु इनके लाभ के साथ-साथ कुछ सीमाएं भी हैं। ड्रोन बिना थके कार्य कर सकते हैं और मानव श्रम की अपेक्षा दोगुनी गति से कार्य कर सकते हैं।

रख-रखाव में आसान: कृषि ड्रोन मजबूत होते हैं और इन्हें न्यूनतम रखरखाव की आवश्यकता होती है।

समय की बचत: ड्रोन कम समय में बड़े क्षेत्रों का निरीक्षण कर सकते हैं, जिससे समय की बचत होती है।

ड्रोन की सीमाएं

संपर्क (कनेक्टिविटी) की समस्या: इंटरनेट की उपलब्धता, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में एक प्रमुख समस्या है।

मौसम पर निर्भरता: विपरीत परिस्थितियों जैसे तेज हवा या बरसात के मौसम में ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकता है।

तकनीकी ज्ञान और कौशल की आवश्यकता: ड्रोन को उड़ाने के लिए किसानों को तकनीकी ज्ञान व प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है अथवा किसी प्रशिक्षित व्यक्ति की सहायता लेनी पड़ती है ।

ड्रोन के महत्वपूर्ण भाग

ड्रोन के महत्वपूर्ण भाग, ड्रोन के प्रकार पर निर्भर करते हैं। हालाँकि, मुख्य रूप से रोटर ड्रोन में उपयोग किए जाने वाले कुछ भागों का वर्णन आगे दिया गया है।

मोटर: ड्रोन में प्रत्येक प्रोपेलर के साथ मोटर (ब्रशलेस डीसी मोटर) जुड़ी होती है। इन्हें 'केवी' (कि. वोल्ट) में रेट किया जाता है। तेज गति से घूमने वाली मोटर अधिक उड़ान शक्ति देती है, लेकिन इसके लिए बैटरी से अधिक ऊर्जा लेने की आवश्यकता होती है, जिसके परिणामस्वरूप उड़ान का समय कम हो जाता है।

इलेक्ट्रॉनिक स्पीड कंट्रोलर (इ एस सी): इलेक्ट्रॉनिक स्पीड कंट्रोलर प्रत्येक मोटर को एक नियंत्रित विद्युत धारा (करंट) प्रदान करता है, जिससे मोटर को सही गति और घूमने की सही दिशा मिलती है।

फ्लाइट कंट्रोलर: यह भाग ऑनबोर्ड कंप्यूटर की तरह कार्य करता है,

चित्र 2: एरियल फोटोग्राफी तथा सर्वे के लिए कैमरा सहित ड्रोन

जो पायलट से भेजे गए संकेतों की व्याख्या करता है और ड्रोन को नियंत्रित करने के लिए ईएससी को संबंधित इनपुट भेजता है।

रेडियो रिसीवरः यह पायलट द्वारा भेजे गए नियंत्रण संकेत को प्राप्त करता है।

बैटरीः यह ड्रोन की पूरी प्रणाली को ऊर्जा देने का कार्य करती है। आमतौर पर, उच्च शक्ति घनत्व और रिचार्ज करने की क्षमता के कारण लिथियम पॉलीमर बैटरी का उपयोग किया जाता है।

इनके अलावा एक्सीलेरोमीटर, जाइरोस्कोप, जीपीएस और बैरोमीटर जैसे सेंसर भी क्रमशः गति, सतह से ऊँचाई, भौगोलिक स्थिति तथा दाब के मापन के लिए उपयोग किए जाते हैं। मार्गदर्शन (नेविगेशन) और एरियल फोटोग्राफी के लिए कैमरे भी अक्सर लगाए जाते हैं (चित्र 2)।

ड्रोन कार्य प्रणाली

ड्रोन को पायलट एक रेडियो कंट्रोल ट्रांसमीटर की सहायता से नियंत्रित करते हैं, जो प्रोपेलर को नियंत्रित करता है। प्रोपेलर, मोटरों की मदद से ड्रोन को उड़ाने और हवा में स्थिर रखने व उतारने में सहायक होते हैं। रिमोट कंट्रोल में एक स्टिक लगी होती है, जो ड्रोन को अलग-अलग दिशाओं में मुड़ने में सहायता करती है। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर का उपयोग ऑन-बोर्ड कैमरे से लाइव वीडियो फुटेज प्राप्त करने और सेंसरों का डेटा प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है। कुछ ऑन-बोर्ड सेंसर भी हैं, जो सहायक सेटिंग्स कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऑटो एल्टीट्यूड सेटिंग्स ड्रोन को एक निश्चित ऊँचाई पर उड़ने में मदद करती हैं। इसके अलावा, ड्रोन को जीपीएस निर्देशांक का उपयोग करके स्वायत्त रूप से उड़ने के लिए भी प्रोग्राम किया जा सकता है।

कृषि में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग

1. उर्वरकों, कीटनाशक व कृषि-रसायनों का छिड़काव

किसानों द्वारा रसायनों का छिड़काव करने में बहुत समय व श्रम लगता है तथा इससे उनमें स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ होने का खतरा रहता है। ड्रोन कृषि-रसायनों, उर्वरकों, कीटनाशकों आदि का बड़े क्षेत्रों में, बहुत कम समय में छिड़काव कर सकता है और इससे किसानों द्वारा छिड़काव की तुलना में रसायनों की कम मात्रा का उपयोग किया जाता है। ड्रोन द्वारा किसान केवल प्रभावित क्षेत्रों में रसायनों का छिड़काव कर सकते हैं तथा अप्रभावित क्षेत्र को रसायन मुक्त रख सकते हैं, जिससे खेतों में रसायनों के अत्यधिक उपयोग से बचा जा सकता है।

2. मिट्टी और खेतों का विश्लेषण

कृषि ड्रोन का उपयोग मिट्टी और खेतों के विश्लेषण के लिए किया जा सकता है। ड्रोन खेतों के त्रि-आयामी मानचित्र बना सकते हैं, जिनका उपयोग फसल रोपण की योजना बनाने के लिए किया जा

चित्र 3: ड्रोन द्वारा खेतों में कृषि रसायनों का छिड़काव

सकता है। ड्रोन को सेंसर के साथ संयोजित कर इलाके की स्थिति, मिट्टी में नमी की मात्रा, मिट्टी के कटाव, मिट्टी की उर्वरता आदि की जानकारी ली जा सकती है।

3. बीजरोपण और वृक्षारोपण

ड्रोन द्वारा बीजों और पौधों को जमीन में रोपा जा सकता है। यह तकनीक न केवल श्रम की बचत करती है, बल्कि ट्रैक्टर आदि से निकलने वाली हानिकारक गैसों का भी उत्पादन नहीं करती है। इसलिए ड्रोन फसलों के रोपण के लिए पर्यावरण के अनुकूल समाधान हैं।

4. फसलों में कीटों का पता लगाना और फसल क्षति का आँकलन

ड्रोन का उपयोग खेतों में कीट-पतंगों आदि के प्रारंभिक संक्रमण का पता लगाने के लिए किया जा सकता है। ड्रोन को स्पेक्ट्रल/थर्मल इमेजिंग के साथ संयोजित कर खेतों में फसलों का निरीक्षण करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। ड्रोन द्वारा फसलों में संक्रमण के आरंभिक संकेतों की पहचान कर, संक्रमण के प्रसार एवं फसल को हुई क्षति का आँकलन किया जा सकता है।

5. फसल स्वास्थ्य की निगरानी

ड्रोन द्वारा खेतों का हवाई सर्वेक्षण कर, बुवाई से लेकर कटाई तक, फसलों की बढ़त व उनकी सेहत का जायजा लिया जा सकता है। पौधों में मौजूद क्लोरोफिल नामक रंजक इन्फ्रारेड प्रकाश को अवशोषित करता है। क्षतिग्रस्त पौधों में क्लोरोफिल कम होता है। कैमरे से संयोजित ड्रोन द्वारा अवरक्त (इन्फ्रारेड) और निकट-अवरक्त (नियर इन्फ्रारेड) प्रकाश में फसलों के क्लोरोफिल का अवलोकन कर, फसलों के स्वास्थ्य का आँकलन कर सकते हैं। सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक (ऐनडीवीआई) द्वारा, निकट-अवरक्त प्रकाश (जो वनस्पति परावर्तित करती है) और लाल प्रकाश (जो वनस्पति अवशोषित करती है) में पौधों में मौजूद अंतर का विश्लेषण कर पौधों की मात्रात्मक क्षति का आकलन किया जाता है। चित्र 4 में दिखाए गए खेतों में गहरा हरा रंग दिखाता है, कि उस क्षेत्र की फसलों में प्रकाश संश्लेषण अच्छा होता है और पौधें स्वस्थ हैं। दूसरी ओर चित्र में दिखाए गए लाल और पीले रंग के क्षेत्र दिखाते हैं कि यहाँ पौधों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि इन क्षेत्रों में पौधों कि बढ़त अच्छी नहीं है। इसके अलावा, ड्रोन का उपयोग पौधों की विविधता के मूल्यांकन और फसलों की उत्तम किस्मों के चयन में मदद के लिए किया जा सकता है।



चित्र 4: ड्रोन द्वारा फसलों के स्वास्थ्य का आँकलन

6. सिंचाई प्रबंधन

मल्टी-स्पेक्ट्रल/हाइपरस्पेक्ट्रल/थर्मल इमेजिंग से लैस ड्रोन का उपयोग सिंचाई प्रबंधन के लिए किया जा सकता है। ड्रोन द्वारा निरीक्षण कर खेतों के सूखे हिस्से, जल जमाव या रिसाव वाले इलाकों की पहचान की जा सकती है। इस प्रकार फसलों के

सिंचाई प्रबंधन को बेहतर किया जा सकता है। ड्रोन द्वारा जल संसाधनों के यथोचित प्रयोग से जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है।

7. पशुधन प्रबंधन

ड्रोन के साथ कैमरों का उपयोग मवेशियों की निगरानी के लिए किया जा सकता है। गहरे समुद्र और तालाबों आदि में मत्स्य पालन के निरीक्षण के लिए भी ड्रोन का इस्तेमाल किया जा सकता है। थर्मल कैमरा वाले ड्रोन का प्रयोग रात्रि के समय खेतों में घुसने वाले जानवरों की रोकथाम आदि के लिए भी किया जा सकता है।

चित्र 5: ड्रोन द्वारा मत्स्य पालन क्षेत्र की निगरानी

ड्रोन संचालन के महत्वपूर्ण नियम

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारत में ड्रोन के संचालन के लिए ड्रोन नियम (2021) निर्धारित किए हैं।

- नैनो श्रेणी के ड्रोन को छोड़कर सभी ड्रोन पंजीकृत होने चाहिए और उन्हें एक विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) जारी की जानी चाहिए।
- वाणिज्यिक ड्रोन संचालन के लिए परमिट की आवश्यकता होती है (50 फीट से नीचे उड़ने वाली नैनो श्रेणी और 200 फीट से नीचे की लघु श्रेणी में उड़ान भरने वाले ड्रोन को परमिट की आवश्यकता नहीं होती है)।
- पायलटों को ड्रोन उड़ाते समय हर वक्त ड्रोन पर दृष्टि बनाए रखनी चाहिए।
- ड्रोन को लंबवत् 400 फीट से अधिक नहीं उड़ाया जा सकता है।
- ड्रोन को 'नो फ़्लाई ज़ोन' के रूप में निर्दिष्ट क्षेत्रों में नहीं उड़ाया जा सकता है। इसमें हवाई अड्डों के पास के क्षेत्र, अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ, राज्यों की राजधानियों में राज्य सचिवालय परिसर, रणनीतिक स्थान और सैन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं।

निष्कर्ष

ड्रोन तकनीक निस्संदेह भारतीय कृषि का भविष्य है। सरकार ड्रोन के उपयोग के लिए प्रतिबंधों में ढील दे रही है और ड्रोन तकनीक आधारित स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर रही है। ऐसी कई श्रम साध्य और समय लेने वाली कृषि प्रक्रियाएँ हैं, जिन्हें ड्रोन का उपयोग करके स्वचालित किया जा सकता है। भविष्य में, ड्रोन को कृत्रिम बुद्धिमता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के साथ जोड़कर, कई नए अनुप्रयोगों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। सेंसर और ड्रोन के क्षेत्र में गहन शोध द्वारा प्रौद्योगिकी की लागत कम हो सकती है, जो ड्रोन प्रौद्योगिकी के व्यापक प्रसार में सहायक हो सकती है।

❑❑❑❑

ज्ञान में किए गए निवेश से, सबसे उत्तम लाभ प्राप्त होता है।

मूल्यवर्धन द्वारा ग्रामीण महिलाओं ने लिखी अपनी सफलता की कहानी

नीतू शर्मा, प्रीती ममगाई[1] एवं संजय शर्मा

कृषि विज्ञान केंद्र, चौसकु हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश

[1]भाकृअनुप-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, क्षेत्र-I, लुधियाना

कृषि-जलवायु परिस्थितियों में भिन्नता संपन्न, हिमाचल प्रदेश का कांगड़ा जिला उत्तर-पश्चिमी हिमालय की गोद में स्थित है। जिला काँगड़ा में कृषि और पशुपालन क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी 70 प्रतिशत से भी अधिक है। छोटे व सीमांत खेतों पर खेती करना यहाँ के गरीब किसानों को सुरक्षित आजीविका कमाने के लिए पर्याप्त पारिश्रमिक प्रदान नहीं करता है। अतः जब खेतीबाड़ी का काम कम हो जाता है तब महिलाएं अपना अतिरिक्त समय कृषि उपज से पारंपरिक स्थानीय उत्पादों जैसे कि अचार, बड़ियां, सेंवई, सीरा, पनीर आदि को तैयार करने में उपयोग करती हैं। इसके अलावा, उनके गांवों में रोजगार के अवसरों की कमी ने, कई ग्रामीण महिलाओं को लघु-स्तरीय इकाइयों/उद्यमों को अपनाने का मार्ग प्रशस्त किया, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनके कृषिकार्य से संबंधित हैं। लेकिन ज्यादातर ऐसे महिला उद्यमों का अस्तित्व आमतौर पर एक या दो साल तक ही रह पाता है क्योंकि परम्परागत विधि से प्रसंस्कृत उत्पादों की भण्डारण अवधि सीमित होती है और ब्रांड टैग न होने के कारण बाजार में उपस्थित, अन्य प्रतिद्वदियों का मुकाबला करने की क्षमता कम होती है। इसके मुख्य कारण हैं वैज्ञानिक संरक्षण तकनीकों की कमी, अपने पसंदीदा उद्यम को शुरू करने के लिए ऋण सुविधा तथा उद्यम को बढ़ावा देने वाली विभिन्न सरकारी/गैर-सरकारी एजेंसियों का अपर्याप्त ज्ञान, नियमों और विनियमों के बारे में जागरूकता की कमी। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश द्वारा ऐसी कृषक महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण/परिरक्षण क्षेत्र में सफल उद्यमी के रूप में विकसित करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र की भूमिका

शाहपुर, सिहोलपुरी में वर्ष 2006-07 में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया था। आरम्भ में इस समूह में केवल 20 सदस्य ही थे। प्रथम वर्ष में समूह के 12 सदस्यों ने परीक्षण के तौर पर सीमित मात्रा में कुछ स्थानीय उत्पादों जैसे सीरा, बड़ियां और अचार तैयार किया। परन्तु उनके उत्पाद बाजार में ग्राहकों का ध्यान आकर्षित नहीं कर सके और इस कारण सदस्यों को निराशा का सामना करना पड़ा। उन्होंने इस कार्य को छोड़ तो दिया लेकिन 20/-रुपये के मासिक योगदान को जारी रखा। वर्ष 2013 में, कृषि विज्ञान केंद्र काँगड़ा ने एक बार फिर समूह को प्रसंस्करण गति-विधि शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। समूह की मुखिया श्रीमती सुमन लता ने इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया और अपने उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, काँगड़ा द्वारा मूल्यवर्धन पर प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की।

इस दिशा में, कृषि विज्ञान केंद्र, काँगड़ा द्वारा समूह की महिलाओं के क्षमता निर्माण के लिए निम्नवत् तकनीकी हस्तक्षेप की कार्ययोजना तैयार की गई।

- प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण
- प्रकाशन सामग्री वितरण
- विपणन सहायता

प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

समूह के सदस्यों को विभिन्न उत्पादों को तैयार करने में सक्षम बनाने के लिए के.वी.के. द्वारा ग्रामीण स्तर की कार्यशालाओं और अन्य क्षेत्रीय संवेदीकरण गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई जिसमें आठ व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम और ग्यारह विधि प्रदर्शन आयोजित किए गए। महिलाओं को समय-समय पर नियमित मार्गदर्शन और सलाह-कार सेवाएं भी प्रदान की गई, ताकि उन्हें एक समूह बनाने और एक लघु उद्योग शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

प्रकाशन सामग्री वितरण

समूह के सदस्यों को कृषि विज्ञान केंद्र, काँगड़ा द्वारा प्रकाशित मूल्यवर्धित उत्पादों पर पुस्तिकाएं व अन्य प्रकाशन सामग्री प्रदान किए गए। के.वी.के. में प्रशिक्षण प्राप्त कर के समूह ने वर्ष 2013-14 के दौरान मूल्यवर्धन पर अपना उद्यम शुरू करने का निर्णय लिया। इसमें अग्रणी, श्रीमती सुमन लता ने समूह का नेतृत्व करते हुए बड़ियाँ, सीरा, सेवइयां, सूखे आम का पाउडर (आमचूर), त्रिफला पाउडर, दलिया और अचार जैसे विभिन्न उत्पाद तैयार करना शुरू किया। प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कच्चे माल को सस्ती दरों पर प्राप्त कर, उनका संरक्षण किया गया तथा मांग के आधार पर कच्चे माल का उपयोग किया जाने लगा।

विपणन सहायता

कृषि विज्ञान केंद्र, (के.वी.के.) काँगड़ा के मार्गदर्शन में समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को किसान मेलों, प्रदर्शनियों, किसान गोष्ठियों आदि में प्रदर्शित किया गया और बेचा गया और इन गतिविधियों ने उन्हें अपने उत्पादों को बाजार में प्रस्तुत करने और उपभोक्ता प्रतिक्रिया प्राप्त करने का अवसर दिया। के.वी.के. की गृह वैज्ञानिक की सलाहनुसार समूह के सदस्यों ने बड़ियों और सेवइयां में पपीते के गूदे या पालक/चुकंदर को मिलाकर अपने उत्पादों में विविधता लाने के लिए तकनीक विकसित की, जो इन उत्पादों को विटामिन और खनिजों के पूरक द्वारा पोषण से भरपूर

चित्र 1: स्वयं सहायता समूह द्वारा विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों का उत्पादन

बनाते हैं। लगभग 30 किलो पालक मिश्रित बड़ियों व सेवइयां और 15 किलो पपीता मिश्रित बड़ियाँ व सेवइयां बेचे गए और इन मूल्यवर्धित उत्पादों को ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।



चित्र 2: समूह द्वारा बनाये उत्पादों का वर्षवार उत्पादन

उत्पादन

समूह ने 2013 में एक छोटे उद्यम से शुरुआत कर 70 किलोग्राम से 2022-23 में 3 क्विंटल बड़ियों,

सीरा 50 किलोग्राम से 4-4.5 क्विंटल, सेंवई 50 किलोग्राम से 1.25 क्विंटल और अचार 60 किलोग्राम से एक क्विंटल तक बनाकर अपने उद्यम का विस्तार किया। वैज्ञानिक संरक्षण और मूल्यवर्धन को अपनाने से उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और शेल्फ लाइफ में सुधार हुआ है।

आर्थिक लाभ

उत्पादों की मांग में वृद्धि के साथ, एक दशक के भीतर प्रसंस्कृत उत्पादों की मात्रा चार से पांच गुना हो गई। समूह द्वारा अर्जित वार्षिक आय 2013-14 के दौरान 28,800 रुपये से बढ़कर 2022-23 के दौरान 2,36,000 रुपये हो गई। 20 महिला सदस्यों के स्वयं सहायता समूह द्वारा प्राप्त सफलता ने इन गतिविधियों से लगभग 85 समूहों (आशिक या पूर्ण) को प्रभावित किया। कांगड़ा जिले के दरंग, पहाड़ा, अमतरार, ढुंगियारी, परागपुर, कोहाला, दाड़ी आदि गांवों की लगभग 250 महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने व प्रसंस्करण गतिविधियों के लिए प्रेरित किया।

प्रभाव

स्वयं सहायता समूह और उसके उत्पादों ने क्षेत्र में अच्छा नाम कमाया है और लोग उनके उत्पादों को खरीदना पसंद करते हैं। स्थानीय खरीददार सीधे उनके घर पर उत्पाद खरीदने आते हैं। मार्केटिंग उनके अपने गाँव से शुरू हुई थी जो अब स्थानीय मेलों, त्योहारों, प्रदर्शनियों और बाजारों तक फैल गई है। के.वी.के. द्वारा इस समूह को प्रदान की गई तकनीकी और मार्केटिंग की सहायता से इन कृषि-आधारित मूल्य वर्धित उत्पादों की बिक्री जिला और राज्य स्तरीय त्योहारों जैसे कुल्लू दशहरा, जिला चंबा के मिंजर मेला, जिला मंडी के शिवरात्रि मेला और पालमपुर में होली मेले में होती है।

मूल्यवर्धन के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध फलों/सब्जियों एवं कृषि उत्पाद का उपयोग करते हुए, महिलाओं को रोजगार मिल गया है और वे परिवार की आय में लाभकारी योगदान दे रहीं हैं। इस कार्य प्रणाली ने न केवल आय सृजन में वृद्धि की है, बल्कि मूल्यवान उत्पादों में परिवर्तित करके अधिशेष कृषि उपज की बर्बादी को भी कम किया है।

समाज के लिए योगदान

- श्रीमती सुमन लता आसपास के क्षेत्रों में एक रोल मॉडल के रूप में उभरी है। अपने ज्ञान और आत्मविश्वास से उन्होंने मूल्यवर्धन गतिविधियों को बढ़ावा दिया है।
- उनकी सफलता से प्रेरित ग्रामीण महिला समूहों ने किसी न किसी गतिविधि में अपने उद्यम शुरू किए है और उपज की बिक्री से अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

तालिका 1: उद्यम का आर्थिक विश्लेषण

वर्ष	उत्पादन (क्विंटल)	सकल आय (रु.)	आय (रु.)
2013-14	3.8	38000	28800
2022-23	12.65	282000	236000

- यह सफल उद्यमी मूल्य वर्धित उत्पादों के मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य कर रही है।

पुरस्कार/मान्यता

श्रीमती सुमनलता व उनके समूह को अनेक राष्ट्रीय राज्य व जिला स्तर पर सम्मानित किया गया है।

राज्य पुरस्कार

1. चौ.स.कु.हि.प्र.कृ.वि.वि., पालमपुर द्वारा ''उन्नत और प्रेरणा स्रोत कृषि दूत सम्मान पुरस्कार, 2021''
2. कृषि विज्ञान केंद्र कांगड़ा द्वारा ''महिला सम्मान पुरस्कार 2020'' और 2021

राष्ट्रीय पुरस्कार

1. नई दिल्ली में महिला किसान पुरस्कार-2018
2. अटारी, लुधियाना में चौज एजेंट अवार्ड 2019 का प्रमाण पत्र

सफल स्वयं सहायता समूहों की क्षमता को आगे लाने और अन्य नए समूहों को प्रेरित करने के लिए, लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की सफलता की कहानी डीडी शिमला और डीडी किसान द्वारा प्रसारित की गई थी।

चित्र 3: महिला सम्मान पुरस्कार

उद्यमी की प्रतिक्रिया

श्रीमती सुमनलता के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र, काँगड़ा और अन्य एजेंसियों द्वारा सिखाए गए वैज्ञानिक तरीकों से उत्पादों को तैयार करने से क्षमता बढ़ाई है जिससे उनके उत्पादों की गुणवता में काफी सुधार हुआ है। उद्यमिता की इस प्रक्रिया ने उन्हें आत्मनिर्भर और अधिक विश्वासपात्र बना दिया है। सफलता की कहानी के बारे में बात करते हुए, सुमनलता ने कहा, 'इस उद्यम ने न केवल आयवर्धन किया बल्कि सदस्यों के बीच छिपी प्रतिभा और नेतृत्व गुणों को भी सामने लाया'। वह एक आदर्श उदाहरण है कि कैसे एक महिला किसान कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ एक कृषि-उद्यमी बन सकती है।

❑❑❑❑

बहुत से गुणों के होने के बाद भी,
सिर्फ एक दोष सब कुछ नष्ट कर सकता है।
-आचार्य चाणक्य

धरती से चाँद पर भारत

श्रीमती प्रज्ञा सिंह
तकनीकी सहायक
भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान,
लुधियाना, पंजाब

जमीन से उठकर आसमान नापने चला है,
भारत अपनी पहचान बनाने चला है।
अंतरिक्ष में गूंज उठे हम, चंद्रयान का गान लिए,
चाँद तिरंगे रंग में रंगा, नई एक मुस्कान लिए।।

शुरू हुआ था यह सफर साइकिल पर वर्षों पहले,
"मून मिशन" ने कमर कसी थी कितने सालों पहले।
कैसी होगी चाँद की धरती, कैसे रूप रूपहले।।

दो-दो चंद्रयान गुजरे, पर चंद्र तल तक पहुँच ना पाए,
आई कुछ-कुछ विघ्न बाधाएँ, लौटे मुँह लटकाए।
भारत के चंद्र मिशन की मंजिल ना थी आसान,
कर हौसले को बुलंद देश ने भेजा चंद्रयान।।

धरती से पुनः बढ़े हम, तिरंगे का अभिमान लिए,
साहस, प्रतिभा और हिम्मत का अंतरिक्ष में शंखनाद किए।
दक्षिणी ध्रुव पर चाँद के, प्रथम पहुँचा भारत महान,
देश को दिलाया विश्व पटल पर मान और सम्मान।।

लो फिर आ गए हम चंद्रमा, चंद्रयान अभियान लिए,
मेरे भारत के वैज्ञानिकों की कर्मशक्ति पर विश्वास किए।
था जज्बा और हौंसला, लाख मुश्किलें भी आई,
एक नहीं, दो नहीं, तीसरी बार ही सही,
तिरंगे का तिलक लगा देश की शान बढ़ाई।।

लैंडिंग का कार्य था कठिन, पर भारत ने कर दिखलाया है,
क्षैतिज-ऊर्ध्व-वेग नियंत्रित कर, विक्रम वहां उतरवाया है।
तिरंगे के मान को चाँद पर पहुँचाया है,
चालीस दिन की महायात्रा से अभियान सफल बनाया है।

छुप्पन-छुपाई खेलता अंतरिक्ष में चाँद,
विक्रम पहुँचा साथ खेलने, सारे ऑर्बिट फाँद,
गोदी में प्रज्ञान लिए, विक्रम उतरा हल्के पाँव,
कह रहा हो जैसे, ले मामा आ गया तेरे गाँव।
माँ ने भेजी थी जो राखी, सौंप दिया फिर धीरे से,
गले लग सुना रहा, बहन का संदेश हो जैसे।।

खत्म हुआ जब इंतजार, चाँद पर हम जा हुए सवार,
धन्यवाद कहे भारतवासी, इसरो को हम सबका आभार,
एक अधूरा स्वप्न हुआ साकार, समूची जन हरषे,
करतल ध्वनि के शोर में, आनंद अमृत बरसे।

चंद्रयान के पथ की गाथा आज धरा में गूंजी है,
भारतवासियों की मेधा की इसरो अनोखी पूंजी है।
चंद्रसतह के दक्षिण ध्रुव से शुरू की अपनी यारी है,
सोम, मंगल हुए हमारे अब गुरु की तैयारी है।।

थे कभी चंदा मामा दूर के,
पर अब लगता है, चंदा मामा होंगे बस एक टूर के।
जाते जैसे बच्चे छुट्टियों में नानी के गाँव,
अब पाएँगे वैसे ही अपने मामा की छाँव।।

मामा मुखड़ा देख तुम्हारा, सारे त्यौहार मनाते हैं,
क्या हिंदू, क्या मुसलमान, सबके तुमसे नाते हैं।

❑❑❑❑

जब हम दूसरों में अच्छाई देखना शुरू करते हैं,
तो जीवन आसान और अधिक सुन्दर होने लगता है।

यह भारत देश है मेरा

श्री जसवंत सिंह
तकनीकी अधिकारी
भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान,
लुधियाना, पंजाब

यह भारत देश है मेरा,
यह भारत देश है मेरा।
हर धर्म, हर वर्ग का सम्मान यहाँ पर,
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई रहते हैं सब मिल जुलकर,
नहीं है कोई बखेड़ा, यह भारत देश है मेरा,
यह भारत देश है मेरा।

भारत की हरित क्रांति की पूरे विश्व में है बड़ाई,
इससे देश में तरक्की ने ली है अंगड़ाई,
गेहूँ, चावल, दलहनों से भर गए हैं, भंडार हमारे,
देश में खुशहाली की लहर है आई,
अब नहीं है भुखमरी में देश मेरा, यह भारत देश है मेरा,
यह भारत देश है मेरा।

नहीं है तोड़ भारत के वैज्ञानिक और टेक्नीशियनों का,
उनकी अथक मेहनत रंग लाई,
जब भारत का तिरंगा चंद्रमा पर लहराया,
तब देश-विदेशों ने भी दी बधाई,
अब नहीं चंद्रमा से दूर देश हमारा, यह भारत देश है मेरा,
यह भारत देश है मेरा।

यह धरती है गुरुओं और पीरों की,
भक्तों और संत फकीरों की,
यहां गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म की खातिर, वार दिए पुत्र चार,
पुत्र वार कर धर्म की खातिर, भगवान का शुक्राना किया बारम्बार,
अंत में कहा "मेरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा",
तेरा तुझ को सौंप के क्या लागे मेरा।
यह भारत देश है मेरा, यह भारत देश है मेरा।

पृथ्वी से चाँद पर भारत

श्री जगतार सिंह
वरिष्ठ तकनीकी सहायक (विद्युत)
भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान,
लुधियाना, पंजाब

चाँद पर पहुंचा भारत,
दिखाई हमने अपनी ताकत।
विज्ञान का महत्व पता चला,
मेहनत से होता है भला।

अब है सबकी जुबान पे,
कुछ शब्द वाहनाकाश से,
विक्रम, रोवर और प्रज्ञान,
इन पर सब दे रहे हैं ध्यान।

बच्चा बनना चाहता है विज्ञानी,
मां-बाप भी हो गए ज्ञानी।
सब क्षेत्रों में है तरक्की, भारत की महानता है पक्की।
नए सफर पर डाँक भरते,
छोटे-छोटे से निकले थे,
चंदा मामा से मिलने को,
श्री हरिकोटा से निकले थे।

जग को, चालीस दिनों में, भारत माँ की शक्ति दिखा ही दी।
धरती माता की राखी चंदा मामा तक पहुंचा ही दी।
जाना ही था, चाँद को भारत का हो जाना ही था।
हो गया है आज चंदा से मिलन,
चाँद पर घरौंदा बनाना ही था,
हूँ बहुत खुश कि भारतीय हूँ,
चाँद पर अपना तिरंगा लहराना ही था।

प्रेरक कहानियाँ

एक अंधा भिखारी

एक बार एक युवक एक गली से गुजर रहा था। उसने देखा कि एक बूढ़ा व्यक्ति सड़क पर बैठा है और भीख मांग रहा है। बूढ़ा व्यक्ति खाली कटोरे के साथ बैठा था और उस खाली कटोरे के पास एक कार्डबोर्ड था, जिस पर लिखा था "कृपया अंधे की मदद करें!"

उस युवक ने देखा, बहुत से लोग उस अंधे भिखारी के पास से गुजर रहे थे, फिर भी कोई उसे पैसा नहीं दे रहा था। युवक को बहुत बुरा लगा, कोई भी बूढ़े व्यक्ति की मदद नहीं कर रहा है। इसीलिए वह उस अंधे भिखारी के पास गया और अपनी जेब से मार्कर पेन निकाल कर उस कार्डबोर्ड पर कुछ लिख दिया और फिर अपने रास्ते पर चला गया।

अंधे भिखारी को पता था कि कार्डबोर्ड पर कोई कुछ लिख कर गया है, लेकिन उसने कुछ नहीं कहा। बस कुछ ही समय में उसका खाली कटोरा पैसे से भर गया। अंधे भिखारी ने एक अजनबी को रोका और उससे पूछा, कार्डबोर्ड पर क्या लिखा है? अजनबी ने जवाब दिया, "यह एक सुंदर दिन है, तुम देख सकते हो मैं नहीं देख सकता।"

सीखः अगर हम सही शब्दों का चयन करते हैं, तो हम लोगों के साथ सही मायने में जुड़ सकते हैं और उनके विचार बदल सकते हैं।

दीवार की सुराख़

एक पिता अपने बेटे के क्रोध से अत्यंत विचलित रहा करता था। वह देखता था कि उसका बेटा बाकी सब चीजों में बहुत अच्छा है, बहुत आज्ञाकारी है, बहुत मधुर भाषी है लेकिन उसे क्रोध बहुत आता है और यदि उसे किसी बात पर क्रोध आ जाए तो फिर वह किसी को भी भला बुरा कहने में संकोच नहीं करता था।

पिता ने अपने बेटे को समझाने का एक तरीका ढूंढा। उसने अपने बेटे को एक सुबह अपने पास बुलाया और उसे कुछ कीलों से भरा हुआ एक डिब्बा दिया। डिब्बा देते हुए उसने अपने बेटे से पूछा-"बेटा तुम मेरी एक छोटी सी बात मानोगे?"

बेटे ने कहा-"जरूर मानूँगा, क्या चाहते हैं आप"? तो उसने अपने बेटे को कहा-"तुम्हें जब भी क्रोध आए तो क्रोध पर काबू करने की कोशिश करो। लेकिन यदि फिर भी क्रोध करते हो तो एक कील इस दीवार (आंगन की दीवार की ओर संकेत करते हुए) में ठोक दो। तुम्हें दिन में जितनी बार गुस्सा आए, उतनी बार इसी तरह करो।"

बेटे ने हामी भर दी। पहले ही दिन लड़के को बहुत क्रोध आया। उसने दीवार में एक ही दिन में लगभग 20 के आसपास कीले ठोक दी। लेकिन आगे आने वाले दिनों में दीवार पर लगने वाले कील की संख्या घटने लगी। एक दिन ऐसा भी आ गया जब उसे दीवार में एक भी कील ठोकने की जरूरत नहीं पड़ी। चूंकि लड़के ने समझ लिया था कि कील ठोकने से आसान है क्रोध को रोक लेना। जब यह स्थिति दो-चार दिन बनी रही तो उसने अपने पिता से जाकर इस बात को कहा कि अब उसे दीवार में कील ठोकने की जरूरत नहीं पड़ती है।

पिता ने उसे शाबाशी दी और कहा-"अब जब तुम्हें कोई कुछ कहता है और तुम्हें लगे कि तुमने उस ख़राब लगने वाली बात पर भी स्वयं को क्रोध करने से रोक लिया, तो ऐसे हर प्रयास के लिए दीवार से एक कील निकाल लेना।" दिन बीतते गए। एक दिन ऐसा भी आ गया

जब बेटे ने दीवार से सारी कीलें निकाल दी। फिर पिता को जाकर सारी बातें कही।

पिता दीवार के पास आए और अपने बेटे को समझाते हुए कहा– “बेटे! शब्दों के पास एक अपनी शक्ति होती है और वो शक्ति यह है कि ये वापस नहीं लिए जा सकते। किसी को भला-बुरा कहने के बाद तुम उससे लाख माफ़ी मांग लो लेकिन इन दीवारों में बनी सुराख़ की तरह घाव फिर भी बना रहता है। इसलिए किसी को भी क्रोध में कुछ बुरा कहने से बचो!” बेटा अपने पिता की दी हुई सीख से गद्‌गद हो गया। उसने आगे से अपने क्रोध पर नियंत्रण रखने की प्रतिज्ञा ली।

सीखः वाणी से बना घाव कभी भरता नहीं है...!

संकलनकर्ताः
श्रीमती मोनिका ग्रैंग यादव,
लुधियाना

❑❑❑❑

खुद के अलावा किसी की,
शरण में मत जाओ।
–महात्मा बुद्ध

भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा, 2023

प्रत्येक वर्ष की भाँति, संस्थान में इस वर्ष दिनांक 14 से 29 सितम्बर 2023 तक राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। समारोह का उद्घाटन दिनांक 14 सितम्बर 2023 को डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले, माननीय निदेशक, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए, उन्होंने हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए दिनचर्या में सरल शब्दों के प्रयोग पर ज़ोर दिया। उन्होंने भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना में वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक कार्यों में हो रहे हिन्दी के उपयोग की सराहना की एवं प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आह्वाहन किया। राजभाषा हिंदी पखवाड़ा की अध्यक्षा डॉ. दीपिका गोस्वामी ने अपने संबोधन में बताया कि हिंदी पखवाड़े को त्यौहार के रूप में मनाने से हिन्दी सशक्त एवं सामर्थ्यवान होगी और उन्होंने संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों से अनुरोध किया कि वे अपने शोध-पत्रों को हिन्दी भाषा में प्रकाशित करने पर ज़ोर दें। डॉ. पंकज कुमार, वैज्ञानिक ने उद्घाटन समारोह का संचालन किया। हिंदी पखवाड़ा के दौरान 10 अलग-अलग प्रतियोगिताएँ जैसे हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, प्रार्थना पत्र, कंप्यूटर पर हिंदी में टाइपिंग, हिंदी निबंध, हिंदी काव्य पाठ, विज्ञान संबंधी शोध पत्र, पोस्टर तथा हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता विभिन्न संयोजकों एवं सह-संयोजकों के सहयोग से करवाई गई, जिनमें 7 प्रतियोगिताएँ भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना एवं अबोहर परिसर के लिए संयुक्त रूप से आयोजित की गई। राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दिनांक 29 सितम्बर 2023 को पखवाड़ा के समापन के दौरान डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले, निदेशक, सीफेट, लुधियाना एवं आमंत्रित मुख्य अतिथि ई. दलजीत सिंह, अपर अधीक्षण अभियंता, पीएसपीसीएल, लुधियाना द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त संस्थान में हिन्दी में किए गए कार्यों का मूल्यांकन कर संस्थान के कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया एवं अधिक से अधिक कार्य करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया। निदेशक ने व्यक्त किया की हिन्दी पखवाड़े को त्यौहार के रूप में मनाने से हिन्दी सशक्त एवं सामर्थ्यवान होगी। राजभाषा हिंदी पखवाड़ा की अध्यक्ष डॉ. दीपिका गोस्वामी ने हिंदी पखवाड़ा का सफल आयोजन किया एवं डॉ. विकास कुमार, ने समापन समारोह का समन्वयन किया। राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा समिति-2023 के सदस्य डॉ दीपिका गोस्वामी, डॉ. विकास कुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. रूपेंद्र कौर, श्री राजेश कुमार, श्री यशपाल, श्री सुघर सिंह वर्मा, श्री राम खेलावन यादव एवं श्री तरसेम सिंह पुरबा ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना में राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा, 2023 का उद्घाटन समारोह

राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा, 2023 का समापन समारोह

(क) भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना परिसर में आयोजित प्रतियोगिताएँ व संयोजक तथा सह-संयोजक

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	संयोजक एवं सह-संयोजक	दिनांक
1.	कंप्यूटर पर हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए)	श्री प्रमोद शर्मा, वित्त एवं लेखा अधिकारी श्री यशपाल सिंह, वरिष्ठ तकनीकी सहायक	15.09.2023
2.	पोस्टर प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए एवं कार्मिकों के पारिवारिक सदस्य भी भाग ले सकते हैं)	डॉ. अरमान उ. मुज़द्दादी, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. चन्दन सोलंकी, वैज्ञानिक	19.09.2023
3.	हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता (केवल तकनीकी वर्ग के लिए)	श्री कुंवर सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री अश्वनी कुमार, सहायक	20.09.2023

(ख) भाकृअनुप-सीफेट, अबोहर क्षेत्रीय स्टेशन में आयोजित प्रतियोगिताएँ व संयोजक तथा सह-संयोजक

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	संयोजक एवं सह-संयोजक	दिनांक
1.	पोस्टर प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए एवं कार्मिकों के पारिवारिक सदस्य भी भाग ले सकते हैं)	डॉ. रूपेंद्र कौर, विषय वस्तु विशेषज्ञ, के.वी.के. श्री देविंदर कुमार, तकनीकी अधिकारी	15.09.2023
2.	कंप्यूटर पर हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए)	श्री महेश कुमार समोता, वैज्ञानिक श्री पृथ्वी राज, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी	19.09.2023
3.	हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता (केवल तकनीकी वर्ग के लिए)	श्री राजेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी श्री मोहन लाल, सहायक	20.09.2023

(ग) भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना एवं अबोहर क्षेत्रीय स्टेशन में आयोजित संयुक्त प्रतियोगिताएँ व संयोजक तथा सह-संयोजक

क्र.सं.	संयुक्त प्रतियोगिता का नाम	संयोजक एवं सह-संयोजक	दिनांक
1.	हिन्दी निबंध प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए)	डॉ. के. बेमबेम, वैज्ञानिक डॉ. रूपेंद्र कौर, विषय वस्तु विशेषज्ञ, केवीके	18.09.2023
2.	हिन्दी टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन (केवल प्रशासनिक वर्ग के लिए)	श्री आर.सी.मीणा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री महेश कुमार समोता, वैज्ञानिक श्रीमती प्रज्ञा सिंह, तकनीकी सहायक	21.09.2023
3.	प्रार्थना पत्र लेखन प्रतियोगिता (केवल एसएसएस वर्ग के लिए)	डॉ. रूपेंद्र कौर, विषय वस्तु विशेषज्ञ, केवीके श्री देविंदर कुमार, तकनीकी अधिकारी	21.09.2023

क्र.सं.	संयुक्त प्रतियोगिता का नाम	संयोजक एवं सह-संयोजक	दिनांक
4.	हिन्दी काव्य पाठ (सभी वर्गों के लिए) (ऑनलाइन)	डॉ. रंजीत सिंह, प्रधान वैज्ञानिक श्री पृथ्वी राज, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी श्रीमती जसवीर कौर, सहायक	22.09.2023
5.	तत्काल भाषण प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए) (ऑनलाइन)	डॉ. एस.के. त्यागी, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. थोंगम सुनीता देवी, वैज्ञानिक	25.09.2023
6.	विज्ञान संबंधी शोध पत्र प्रतियोगिता (केवल वैज्ञानिकों के लिए) (ऑनलाइन)	डॉ. मंजू बाला, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रेनू बालाकृष्णन, वैज्ञानिक	26.09.2023
7.	हिन्दी भाषा ज्ञान प्रतियोगिता (कहूत सॉफ्टवेयर, ऑनलाइन) (सभी वर्गों के लिए)	डॉ. पंकज कुमार, वैज्ञानिक डॉ. गुरु पी.एन., वैज्ञानिक	27.09.2023

राजभाषा हिंदी पखवाड़ा, 2023 की प्रतियोगिताओं के विजेता

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	स्थान	कर्मचारी का नाम
1.	**कंप्यूटर पर हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगिता** (सभी वर्गों के लिए) सीफेट, लुधियाना	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	श्री अजय कुमार श्री राम चन्द्र श्री आर के यादव 1. श्री इकबाल सिंह 2. श्रीमती सोनिया रानी 3. श्री अशवनी कुमार 4. श्री एस एस वर्मा
	कंप्यूटर पर हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए) सीफेट, अबोहर	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	श्री देवेन्द्र कुमार श्री मोहन लाल डॉ. रूपेन्द्र कौर 1. श्री डालू राम
2.	**पोस्टर प्रतियोगिता** सीफेट, लुधियाना	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	श्री जगतार सिंह श्रीमती प्रज्ञा सिंह श्री यशपाल सिंह 1. मिस शगफ़ कौकब 2. श्री प्रमोद शर्मा 3. श्रीमती सूर्या तुषीर 4. श्री तरसेम सिंह पुरबा
	पोस्टर प्रतियोगिता सीफेट, अबोहर	प्रथम द्वितीय तृतीय	श्री डालू राम डॉ. महेश कुमार समोता श्री पवन कुमार

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	स्थान	कर्मचारी का नाम
3.	**हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता** (केवल तकनीकी वर्ग के लिए) सीफेट, लुधियाना	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	श्री विशाल कुमार श्री यशपाल सिंह श्रीमती प्रज्ञा सिंह 1. श्री सुखविंदर सिंह 2. श्री प्रदीप सिंह 3. श्री जसविंदर सिंह 4. श्री भजन सिंह
	हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता (केवल तकनीकी वर्ग के लिए) सीफेट, अबोहर	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	श्री देवेंदर कुमार डॉ. रूपेन्द्र कौर श्री पवन कुमार 1. श्री डालू राम 2. श्री गणपत राम
4.	**हिन्दी निबंध प्रतियोगिता** (सभी वर्गों के लिए)	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	डॉ. लीना कुमारी श्रीमति सुर्या तुषीर डॉ. महेश कुमार समोता 1. श्री यशपाल सिंह 2. श्री जगतार सिंह 3. श्री हरदीप सिंह 4. डॉ. सदीप पी दवंगे
5.	**हिन्दी टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन** (केवल प्रशासनिक वर्ग के लिए)	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	श्री अजय कुमार श्रीमती सुनीता राणा श्री रजिंदर कुमार रहेजा 1. श्री मोहन लाल 2. श्री आर के यादव 3. श्री इकबाल सिंह 4. श्री संजय कुमार गौड़
6.	**प्रार्थना पत्र लेखन प्रतियोगिता** (केवल एस एस एस वर्ग के लिए)	प्रथम प्रोत्साहन	श्री सुरेन्द्र कुमार श्री सुखबीर
7.	**हिन्दी काव्य पाठ** (सभी वर्गों के लिए) (ऑनलाइन)	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	श्रीमती प्रज्ञा सिंह श्रीमती सुनीता राणा श्री विशाल कुमार 1. श्री जगतार सिंह 2. श्री भजन सिंह 3. श्री देवेन्द्र कुमार 4. श्री गणपत राम

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	स्थान	कर्मचारी का नाम
8.	**तत्काल भाषण प्रतियोगिता** (सभी वर्गों के लिए) (ऑनलाइन)	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	डॉ. दीपिका गोस्वामी डॉ. पंकज कुमार श्री विशाल कुमार 1. श्री राजेन्द्र कुमार रहेजा 2. श्री तरसेम सिंह पुरबा 3. श्रीमती सुनीता राणा 4. श्री अवतार सिंह
9.	**विज्ञान संबंधी शोध पत्र प्रतियोगिता** (केवल वैज्ञानिक वर्ग के लिए)	प्रथम द्वितीय तृतीय	1. डॉ. गुरु पी एन 2. श्रीमती सूर्या तुषीर डॉ. लीना कुमारी डॉ. पंकज कुमार
10.	**हिन्दी भाषा ज्ञान प्रतियोगिता** (कहूत साफ्टवेयर, ऑनलाइन) (सभी वर्गों के लिए)	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	डॉ. लीना कुमारी डॉ. संदीप पी दवंगे डॉ. पूनम चौधरी 1. श्री एस एस वर्मा 2. श्री कुंवर सिंह 3. श्री तरसेम सिंह पुरबा 4. श्रीमती सोनिया रानी
	सरकारी कामकाज मूल रूप से हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहन योजना के तहत पुरस्कार	प्रथम द्वितीय तृतीय	1. श्री मोहन लाल 2. श्री आर के यादव 1. श्री अशवनी कुमार 2. श्रीमती जसवीर कौर 3. श्री रजिंदर कुमार रहेजा 1. श्री गुरदयाल सिंह 2. श्री इकबाल सिंह 3. श्री तरसेम सिंह पुरबा 4. श्रीमती प्रज्ञा सिंह 5. श्री संजय कुमार गौड़

राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा, 2023 के समापन समारोह में पुरस्कार वितरण

प्रस्तुतकर्ताः
डॉ. विकास कुमार तथा
श्री तरसेम सिंह पुरबा
भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना

❑❑❑❑

शब्दों का अपना तापमान होता है,
यह सुकून भी देते हैं, जला भी देते हैं।

संस्थान में राजभाषा सम्बंधित गतिविधियाँ

वर्ष 2023 में राजभाषा हिंदी की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर) कार्यशाला का आयोजन दिनांक 23 अगस्त, 2023 को संस्थान में किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री राजिंदर सिंह बेवली, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) (सेवानिवृत), पंजाब एंड सिंध बैंक, जिन्हें माननीय राष्ट्रपति द्वारा 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' से पुरस्कृत किया जा चुका है, ने 'राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजभाषा एवं मानव संसाधन के व्यवहार ज्ञान एवं सफल सम्पादन के गूढ़ तथ्य' विषय पर प्रस्तुति दी।

हिंदी की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर) कार्यशाला में भाग लेते संस्थान के कार्मिक

राजभाषा हिंदी की चौथी तिमाही (अक्तूबर-दिसम्बर) कार्यशाला का आयोजन दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 को संस्थान के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ. जसप्रीत कौर फलक, कवियत्री एवं संस्थापक, 'कविता कथा कारवां' ने 'काव्य की रचना प्रक्रिया और उसकी सामाजिक उपयोगिता' विषय पर प्रस्तुति दी।

हिंदी की चौथी तिमाही (अक्तूबर-दिसम्बर) कार्यशाला में भाग लेते संस्थान के कार्मिक

संस्थान की गौरवमयी उपलब्धियाँ

भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), लुधियाना द्वारा दिनांक 25 अगस्त, 2023 को आयोजित एक कार्यक्रम में बड़े केंद्रीय सरकारी कार्यालयों की श्रेणी में विशेष पुरस्कार दिया गया। डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले, निदेशक, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना ने श्री विक्रम गौड़, मुख्य आयकर आयुक्त एवं अध्यक्ष, नराकास, लुधियाना से यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. विकास कुमार, प्रभारी राजभाषा प्रकोष्ठ को संस्थान में राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य हेतु 'राजभाषा पुरस्कार' दिया गया। राजभाषा के प्रचार प्रसार को और गति देने में सीफेट, लुधियाना द्वारा प्रकाशित की जाने वाली अर्धवार्षिक राजभाषा पत्रिका 'प्रसंस्करण प्रगति' को भी पुरस्कृत किया गया।

भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना संस्थान को विशेष पुरस्कार

प्रभारी, राजभाषा प्रकोष्ठ को राजभाषा पुरस्कार

राजभाषा पत्रिका 'प्रसंस्करण प्रगति' के पुरस्कृत अंक

संस्थान द्वारा प्रकाशित राजभाषा पत्रिका 'प्रसंस्करण प्रगति' को पुरस्कार

भाकृअनुप–सीफेट संस्थान के प्रकाशन

- एण्टी हाइपरटेन्सिव (एसीई-इन्हिबिटरी) पेप्टाइड फ्रॉम फिश वेस्ट
- डेवलपमेंट ऑफ प्रोटोकॉल्स फॉर शेल्फ लाईफ, सेफ स्टोरेज, मिलिंग आउटटर्न एण्ड इंडिकेटिव नॉर्म्स फॉर प्रॉक्योरमेंट ऑफ मेजर पल्सेज
- फसलोत्तर काव्यमाला
- दलहनों का प्रसंस्करण स्वरोजगार एवं उद्यमिता का एक बेहतर विकल्प
- सेफ स्टोरेज ऑफ फूड ग्रेन्स
- शूगरकेन प्रोसेसिंग फॉर प्रोडक्शन ऑफ कैमिकल फ्री जैगरी एण्ड एलाइड प्रोडक्ट्स
- हनी प्रोडक्शन एण्ड प्रोसेसिंग स्ट्रेटेजीज फॉर इम्प्लीमेंटेशन
- इम्प्रूविंग जिलेटिन एक्स्ट्रेक्शन एण्ड क्वालिटी बाई एन्ज़ाइम असिस्टेड प्रोसेस
- पोस्ट-हार्वेस्ट स्टोर्ड प्रॉडक्ट इन्सेक्ट्स एण्ड देअर मैनेजमेंट
- टेस्ट किट फॉर डिटेक्शन ऑफ एडल्टरेंट्स इन सेलेक्टेड स्पाइसेज
- लो-कौस्ट एनिमल हैंडलिंग डिवाइसेज एण्ड कूलिंग सिस्टम
- लघु स्तर पर फल आधारित उत्पादों की प्रसंस्करण विधियाँ
- पिगमेंटेड राइस वराइटीज़ ऑफ इण्डियाः प्रोसेसिंग एण्ड वैल्यू एडीशन
- किन्नू वैक्सिंग एण्ड ग्रेडिंग
- मस्टर्ड प्रोसेसिंग एण्ड वैल्यू एडीशन
- वैल्यू एडीशन ऑफ फूड ग्रेन्स एण्ड देअर को-प्रोडक्ट्स
- कन्वेनिएंस फूड प्रोडक्टस फ्रॉम मेज एण्ड सोरघम
- हार्वेस्ट एण्ड पोस्ट-हार्वेस्ट लॉसेज ऑफ मेजर क्रॉप्स एण्ड लाइवस्टॉक प्रोड्यूस इन इण्डिया
- एग्रो प्रोसेसिंग सेन्टर्सः सक्सेस स्टोरीज़
- ग्रामीण उन्नयन में कृषि प्रसंस्करण उद्योग की भूमिका
- प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजीज फॉर वैल्यू एडीशन ऑफ माइनर फॉरेस्ट इन ट्राइबल एरिआज़ः ए स्टेप इन रूरल डेवेलपमेंट
- कलर एण्ड स्पेक्ट्रोस्कोपी मैथड्स फॉर नॉन-डिस्ट्रक्टिव इवैल्यूएशन ऑफ क्वालिटी ऑफ एप्पल

- कंस्ट्रक्शन, ऑपरेशन्स एण्ड मेन्टिनेंस ऑफ सीफेट इवैपोरैटिव कूल्ड स्ट्रक्चर फॉर स्टोरेज ऑफ फ्रूटस एण्ड वेजिटेबिल्स
- फूड क्वालिटी एण्ड सेफ्टी ऑफ रॉ एण्ड प्रॉसेस्ड प्रोड्यूस
- न्युअर डायमेंशन इन प्रोसेसिंग ऑफ सनफ्लावर सीड-ए नॉवेल एप्रोच इन फूड इण्डस्ट्री
- प्रोसेसिंग एण्ड यूटीलाइजेशन ऑफ डिफैटेड मील फ्रॉम ट्रेडीशनल एण्ड नॉन-ट्रेडीशनल ऑयलसीड्स
- वैल्यू एडीशन इन बेकरी प्रॉडक्ट्स
- प्रोसेसिंग एण्ड यूटीलाईजेशन ऑफ सेलेक्टेड कोर्स सीरियल्स एण्ड मिलेट्स
- प्रोसेसिंग ऑफ ग्वार गम एण्ड इट्स यूसेज
- पल्स मिलिंग टेक्नोलॉजीज
- एन्टरप्रिन्योरशिप डिवेलपमेंट थ्रू एग्रो-प्रोसेसिंग सेंटर्स इन प्रोडक्शन कैचमेंट्स
- ग्रीन हाऊस टेक्नोलॉजी फॉर वेजिटेबल प्रोडक्शन इन कोल्ड डेज़र्ट रीजन
- टेक्नो-इकोनॉमिक फैसेट्स ऑफ सत्तू प्रोसेसिंग यूनिट्स
- मैथडस फॉर दि एनालिसिस ऑफ अफ्लाटॉक्सिन इन एग्रीकल्चरल कॉमोडिटीज़
- फूड फैक्टस एण्ड डायट्स

सलाह के सौ शब्दों से ज्यादा, अनुभव की एक ठोकर,
इंसान को बहुत मज़बूत बनाती है।

भाकृअनुप-सीफेट की हिन्दी में प्रकाशित प्रशिक्षण पुस्तिकाएं (जुलाई - दिसम्बर, 2023)

भाकृअनुप-सीफेट की द्विभाषी वेबसाइट

भाकृअनुप-सीफेट वेबसाइट द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी) में उपलब्ध है जो एक STQC प्रमाणित वेबसाइट है। इस वेबसाइट में उपलब्ध जानकारी, सूचनाएं एवं उपयोग किये जाने वाले सभी सामान्य फॉर्म्स हिंदी में भी उपलब्ध हैं।



सीफेट संस्थान अपने हितधारकों तक राजभाषा के माध्यम से पहुंचने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन बड़े ही उत्साहपूर्वक करती है। संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिक प्रकाशन भी जनसाधारण द्वारा अधिकाधिक उपयोग के लिए हिंदी में प्रकाशित किए जाते हैं जैसे कि प्रशिक्षण पुस्तिका, प्रक्रिया पुस्तक एवं पत्रिका इत्यादि।

दृढ़ता से खड़े रहने से पहले,
तय कर लें कि आपके पांव सही जगह पर हैं।

संस्थान द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीफेट), लुधियाना/अबोहर, किसानों, विद्यार्थियों, ग्रामीण युवाओं, महिलाओं, ग्रामीण दस्तकारों, तकनीकी कर्मचारियों, उद्यमियों, प्रसार कार्यकर्ताओं/वैज्ञानिकों, विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के शिक्षकों, गैर सरकारी संगठनों, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों एवं अन्य संगठनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य ध्येय प्रशिक्षणार्थियों को अपने व्यवसाय में कार्यकुशल बनाने के साथ-साथ उद्यमिता विकसित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी निम्नवत् है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	प्रशिक्षण क्षेत्र
1.	गेहूँ, धान, दालों और मसालों का प्रसंस्करण
2.	मोटे अनाजों और कदन्न (मिलेट्स) से ग्लूटन मुक्त बेकरी उत्पाद
3.	मूंगफली और सोयाबीन आधारित दूध, दही और पनीर
4.	आंवला मूल्य-संवर्धन के माध्यम से किसानों और उद्यमियों का आर्थिक सशक्तिकरण
5.	अमरूद के मूल्यवर्धन के माध्यम से किसानों और उद्यमियों का आर्थिक सशक्तिकरण
6.	प्याज प्रसंस्करण और मूल्य-संवर्धन
7.	मछली का स्वच्छ संचालन, परिवहन और प्रसंस्करण
8.	मसालों की क्रायोजेनिक पिसाई
9.	सब्जियाँ युक्त वड़ी बनाने की यांत्रिक तकनीक
10.	बागवानी उद्यमियों के लिए कोल्ड रूम, कोल्ड स्टोरेज, राइपेनिंग चैंबर और रीफर वैन
11.	ताजे, न्यूनतम प्रसंस्कृत फलों, सब्जियों और प्रसंस्कृत उत्पादों की पैकेजिंग

नोटः प्रत्येक प्रतिभागी द्वारा शुल्क देय है। आने-जाने का किराया, भोजन और रहने का खर्च प्रतिभागियों को वहन करना होगा। हालांकि, प्रतिभागियों को, भुगतान के आधार पर, संस्थान के अतिथि गृह (गेस्ट हाउस) की सुविधा प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.ciphet.icar.gov.in देखें।

शब्द कोष अंग्रेजी से हिन्दी

A

Abbreviate	संक्षिप्त करना, सार निकालना
Absorption	अवशोषण, समावेश, तन्मयता
Adequate	पर्याप्त, उचित, समुचित
Alignment	मार्गरेखा, गठबंधन, संरेखण

B

Bonafide	प्रामाणिक, वास्तविक, विश्वसनीय
Bony	अस्थिमय, सूखा, दुबला-पतला
Boon	वरदान, लाभ, वर
Borrow	उधार, ऋण, कर्ज

C

Candid	स्पष्टवादी, खरा, सच्चा
Classification	श्रेणीकरण, वर्गीकरण, श्रेणीविभाजन
Cardinal	प्रमुख, प्रधान, मूल
Calamity	आपदा, विपदा, आफत

D

Distinguish	भेद करना, सम्मानित करना
Designation	पदनाम, उपाधि, पद
Disclaimer	अस्वीकरण
Declaration	घोषणा, ऐलान

E

Entrepreneur	उद्यमी, उद्यमकर्ता
Encourage	प्रोत्साहित करना, उत्साहित करना
Equivalent	समकक्ष, बराबर, अनुरूप
Evaluate	मूल्यांकन करना, आंकना, परिगणन

F

Fatigue	थकान, क्लान्ति, थकावट
Facilitate	सुगम बनाना, आसान करना, सुविधाजनक बनाना
Fraction	भिन्न, भाग, खण्ड
Fusion	सम्मिश्रण, एकीकरण, विलय

G

Generous	उदार, दरियादिल, प्रचुर
Generate	उत्पन्न, जनना, उपजाना
Gainsay	विरोध करना, अस्वीकार करना
Gauge	नाप, अनुमान, विस्तार

H

Handover	हस्तांतरण, सौंपना
Handful	मुट्ठीभर, थोड़ा सा, अल्पसंख्या
Halt	पड़ाव, विराम, ठहराव
Haulage	ढोना, ढुलाई, कर्षण

I

Inception	आरंभ, शुरूआत, प्रारंभ
Indigenous	स्वदेशी, देशी
Interpretation	विवेचन, व्याख्या, अर्थ, निर्वचन
Initial	प्रारंभिक, आरंभिक, पहला

J

Jurisdiction	क्षेत्राधिकार, अधिकार क्षेत्र, सीमा
Junction	संगम, संयोजन
Juncture	अवसर, समयबिंदु
Jaunt	सैर, भ्रमण, घूमना-फिरना

K

Kernel	दाना, सार, आधार
Knotty	जटिल, गांठदार, कठिन
Kudos	गौरव, अभिनंदन, प्रसिद्धि
Kindred	आत्मीय, रिश्तेदार, परिजन

L

Laudable	प्रशंसनीय, सराहनीय
Laxity	ढिलाई, ढीलापन, बेपरवाही
Lexicon	शब्दकोश, कोश
Liaison	ताल्लुक, संपर्क, संबंध

M

Manifesto	घोषणापत्र, ऐलाननामा, मुखपत्र
Miscellaneous	विविध, मिश्रित, प्रकीर्ण
Mobilization	संग्रहण, जुटाना, संघटन
Momentum	गति, चाल, गतिमात्रा

N

Neutral	निष्पक्ष, तटस्थ, उदासीन
Negligence	लापरवाही, उपेक्षा, असावधानी
Notable	उल्लेखनीय, प्रसिद्ध, मशहूर
Negotiator	वार्ताकार, प्रतिनिधि, बातचीत करनेवाला

O

Obdurate	हठी, कठोर, जिद्दी
Obeisance	आदर, सम्मान, अभिवादन
Oblique	घुमावदार, तिरछा, परोक्ष
Obscure	अस्पष्ट, धुंधला, अव्यक्त

P

Pacifist	शांतिवादी, अमनपसंद, युद्धविरोधी
Palatable	स्वादिष्ट, मजेदार, सुहावना
Palatial	आलीशान, शानदार, विशाल
Paradigm	उदाहरण, आदर्श, नमूना

Q

Quaint	विचित्र, अनोखा, विलक्षण
Qualitative	गुणात्मक, गौरवपूर्ण, प्रतिष्ठित
Quintessence	सारांश, सार, प्रकृति
Quantum	मात्रा, परिमाण, हिस्सा

R

Repast	अन्न, दावत, खाना
Repose	आराम, विश्राम, नींद
Recourse	उपचार, उपाय, साधन
Repercussion	प्रतिध्वनि, प्रतिक्रिया, प्रभाव

S

Savant	विद्वान, जानकार
Scintilla	परमाणु, अणु, प्रकाश
Scruple	संदेह, संकोच, आशंका
Staid	शांत, संजीदा, स्थिर

T

Tangible ठोस, वास्तविक, असली

Tantamount समान, बराबर, समकक्ष

Tedious कठिन, शुष्क, धीमा

Thwart विफल, तिरछा, बिगाड़ना

U

Ulterior अनदेखा, अप्रत्यक्ष, बाहरी

Unalterable अटल, निरंतर, स्थायी

Unassuming नम्र, सरल, सादा

Uncouth गंवार, असभ्य, बेहूदा

V

Vacillate हिलाना, डोलना, झिझकना

Variegated विचित्र, विभिन्न, बहुरंगा

Versatile बहुमुखी, अस्थिर, अस्थायी

Vigilant जागरूक, सावधान, सतर्क

W

Welfare कल्याण, कुशल, समृद्धि

Wistful उदास, चिन्तित, आतुर, उत्कष्ठित

Wondrous अद्भुत, चमत्कारिक, अनोखा

Waft गूंज, बिखेरना, प्रतिध्वनि

X

Xanthan gum जैन्थेन गोंद

Xeroderma शुष्क त्वचा रोग

X-radiation एक्स-विकिरण, एक्स-किरण

Xeranis शुष्कता

Y

Yahoo बेरहम, जंगली, गँवार

Yelp भौंकना, चिल्लाना, तीखी आवाज

Yonder इधर, उधर, वहाँ

Yearning लालसा, चाहत, करुणा

Z

Zoom उड़ान, तेजी से ऊपर, तीव्र उत्थान

Zenith शिरोबिन्दु, चरम सीमा

Z line जेड-रेखा, जेड-लाइन

Zwieback सूखी रोटी, एक तरह का रस्क

अपने लेख एवं सुझाव भेजें:

निदेशक
भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीफेट)
डाक घरः पीएयू कैम्पस, लुधियाना-141004 (पंजाब)
दूरभाष : 0161-2308669, फैक्स : 0161-2308670
ई-मेलः director.ciphet@icar.gov.in

खेतों में पराली या अवशेष को न जलाएं। भूमि में जैविक कार्बन का स्तर बढ़ाएं। फसलों की अधिक पैदावार पाएं।

हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

भाकृअनुप
ICAR

Agrisearch with a human touch

मुद्रण: युगान्तर प्रकाशन, नई दिल्ली; 09811349619